दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्षः 2 | अंकः 308 | जयपुर, मंगलवार, 17 अक्टूबर, 2023 | आश्विन, शुक्ल पक्ष- तृतीया, विसं 2080 | पृष्ठः 10 | मूल्यः 2.00

## दो प्रमुख दलों के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश में: अपनी-अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मूल मंत्र

"प्रदेश के विधानसभा चुनावों की आचार संहिता लगने के बाद भाजपा और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्षों का प्रदेश का पहला दौरा रहा। जहां मल्लिकार्जुन खरगे ने ईआरसीपी को मुद्दा बनाते हुए बारां में सभा की। वहीं, भाजपा के जेपी नड्डा उदयपुर और जोधपुर के दौरे पर रहे।"

# PM ही नहीं, भाजपा के 25 सांसदों ने भी दिया धोखा

## ■ लाल डायरी में लिखा है कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार बनाएगी

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को राजस्थान के बारां में ईआरसीपी के मुद्दे पर केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। ईआरसीपी जन-जागरण अभियान के तहत जनसभा में खरगे ने कहा कि राजस्थान से भाजपा के 25 सांसद हैं। उनमें से कई मोदी सरकार में मंत्री हैं। जनता ने उन्हें संसद भेजा, मगर ये भाजपा सांसद राजस्थान को न पैसा दिला पाए और न ही पानी। पीएम मोदी ही नहीं, बल्कि भाजपा के सभी 25 सांसदों ने भी राजस्थान की जनता को धोखा दिया है। खरगे ने कहा कि राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वादा किया था कि वे सिंचाई योजना के लिए पैसे देंगे, लेकिन आज तक उसका पता नहीं है। राजस्थान की कांग्रेस सरकार खुद 25 हजार करोड़ रुपए खर्च कर इस परियोजना को आगे बढ़ा रही है। खरगे ने कहा कि कांग्रेस ने गारंटियां दी और पूरी कीं।



### मोदी ने की वादाखिलाफी

पीएम मोदी ने वादा किया था कि वे हर साल दो करोड़ नौकरियां देंगे, विदेश से कालाधन लाएंगे, सबके खाते में 15 लाख रुपए आएंगे, लेकिन कुछ नहीं दिया। पीएम मोदी अपनी जुबान से मुकर गए, लेकिन सीएम गहलोत ने अपने सभी वादे पूरे किए। मोदी ने लाल डायरी का जिक्र किया था। लाल डायरी में लिखा है कि आने वाले चुनाव में प्रदेश में फिर से कांग्रेस आने वाली है।

### जातिगत जनगणना होनी चाहिए

खरगे ने कहा कि जातिगत जनगणना होगी तो ओबीसी वर्ग को उसका हक़ मिलेगा। जनता कह रही है कि यहां फिर से कांग्रेस सरकार आनी चाहिए। इसलिए कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर प्रचार करना होगा। क्योंकि जब फिर से राजस्थान में कांग्रेस सरकार आएगी, तो 2024 में केंद्र में भी कांग्रेस सरकार आएगी।

### मोदी घूम सकते हैं गली-गली

खरगे ने कहा कि मोदी चुनाव प्रचार के लिए दौड़ते रहते हैं, संसद में कम बैठते हैं। कर्नाटक में इतना दौड़े। गली-गली में घूमते हैं। गहलोत मोदी की तरह नहीं करते कि आए, बोले और चले गए। काम करके दिखाया है। यह काम वही कर सकता है, जो गरीबों की तकलीफें जानता है।

### मोदी के मित्र लूट रहे देश

आज अमीर और गरीब में खाई बढ़ती जा रही है। मोदी के मित्र देश की संपत्ति लूट रहे हैं। मोदी सरकार उद्योगपतियों के कर्ज माफ कर देती है, वहीं जब किसान-गरीब कर्ज माफ करने की मांग करते हैं तो उन पर लाठियां-गोलियां चलाई जाती हैं।

# उत्साह के साथ काम करो इसी से मिलते हैं नतीजे

## ■ बूथ जीते तो चुनाव जीता, रोज अपने बूथ के पांच लोगों से बात करें

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उदयपुर और जोधपुर संभाग के पदाधिकारियों की बैठक में पॉजिविट रहने का मंत्र देते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी ताकत पहचानने और संगठन को सर्वोपरि मानकर काम करने की प्रेरणा दी। उन्होंने संगठन के प्रति सक्रिय रहकर समाज के सभी वर्गों को पार्टी की रीति नीति से जोड़ते हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा का कमल खिलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यक्रम में वह यह ध्यान दें कि पुराने और नए कार्यकर्ता कितने जुड़ रहे हैं इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसका समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों में आकलन करना बहुत आवश्यक है। उन्होंने विशेषकर युवा और महिला वर्ग के साथ-साथ एनजीओ, खेल संगठनों, लाभार्थियों से निरंतर संपर्क में रहते हुए उन्हें संगठन से जोड़ने पर विशेष जोर दिया।



### क्षमतानुसार दी गई सबको जिम्मेदारी

नड्डा ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जहां प्रत्येक कार्यकर्ता को उसकी क्षमता के अनुसार जिम्मेदारी दी जाती है । उन्होंने जिला और विधानसभा स्तरीय चुनाव प्रबंधन समिति और समन्वय समिति से चुनाव सम्पन्न होने तक जिम्मेदारी का पूर्ण निर्वहन करने को कहा। उन्होंने कहा कि राजनीति में कम समय में ज्यादा से ज्यादा लोगों के साथ जुड़ने का काम ही जीत दिलाता हैं।

### पार्टी की वजह से हमारी पहचान

नड्डा ने कहा कि पार्टी की वजह से हमारी पहचान है पार्टी को हमारी वजह से नहीं जाना जाता। इसका उपयोग कर अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे। मतदान दिवस पर भाजपा के कार्यकर्ता का उस दिन क्या दायित्व होता है उसे क्या-क्या करना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ता को टिप्स देते हुए कहा कि यदि हमने इस प्रकार अपने आचार विचार को रखा और नियोजन के साथ चले हम अपने बूथ को जीतने में कामयाब रहेंगे। हंसते खेलते पार्टी का काम करो, मस्ती में उत्साह के साथ काम करो, इसी से नतीजे आते हैं।

### मेवाड़-मारवाड़ की सभी सीटों पर फोकस

नड्डा ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि संभाग की सभी 28 और मारवाड़ की सभी 33 सीटों पर विजय हासिल करने के लक्ष्य के साथ काम करने की आवश्यकता है। कार्यकर्ता आपस में एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशियों को जिताने में जुट जाएं। राज्य में भाजपा सरकार बनाने के लिए बूथ मैनेजमेंट से लेकर अधिक से अधिक मतदान कराने पर ध्यान केंद्रित होना चाहिए।



# वसुंधरा पर गुस्सा, जनता से धोखा क्यों: गहलोत

## ■ ईआरसीपी को लेकर मोदी सहित पूरी भाजपा को लिया आड़े हाथ

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बारां में ईआरसीपी जनयात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार का गुस्सा वसुंधरा राजे पर है, लेकिन वह राजस्थान की जनता से क्यों धोखा कर रही है? पीएम मोदी की वसुंधरा से नहीं बनती, इस पर हम कुछ नहीं कहना चाहते। यह उनका अंदरूनी मामला है, लेकिन राजस्थान ने उन्हें 25 सांसद दिए और किसी सांसद ने ईआरसीपी पर कुछ नहीं कहा। पीएम ने खुद 13 जिलों का नाम लेकर इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने का वादा किया था, लेकिन अब जनता से धोखा क्यों कर रहे हो?

गहलोत ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा के चार प्रमुख मुद्दे थी महंगाई, बेरोजगारी, प्रेम और अमीर-गरीब के बीच खाई ना बढ़े। हमारी सरकार ने प्रदेश में शहरी रोजगार गारंटी योजना जैसी स्कीम्स की चर्चा पूरे देशभर में हो रही है व प्रदेश की जनता का प्यार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वास्तव में भारत जोड़ो यात्रा के मुद्दों के लिए राजस्थान में सरकार का बजट समर्पित किया गया।

**सरकार गिराने का षड्यंत्र नहीं भूली जनता:** बारां जाने से पहले गहलोत ने जयपुर एयरपोर्ट पर मीडियाकर्मियों से कहा कि चाहे कैंपेन हो या टिकट वितरण, हमसे भी गलती हो सकती है, लेकिन हमारे कार्यकर्ता और जनता को यह मालूम है कि हम उनके विकास और उत्थान के लिए काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हमने पूरे 5 साल जनता के लिए काम किया है। पहले कोरोना आया और फिर सरकार गिराने की साजिश हुई। गहलोत ने कहा कि उस समय जनता का उनके साथ सपोर्ट रहा, लेकिन 5 साल कोई न कोई घटना होती रही है। राज्य की जनता सरकार गिराने वाले षड्यंत्र को अब भी नहीं भूली है। अब जनता ही इन्हें सबक सिखाएगी।

## जरूरी खबर

### बीटीपी ने 9 सीटों पर उम्मीदवार किए घोषित

**जयपुर।** प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) ने सोमवार को नौ उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। बीटीपी मेवाड़-वागड़ अंचलों में कई सीटों पर भाजपा व कांग्रेस को चौंका भी सकती है। बीटीपी ने शिव से तगाराम भील, कुशलगढ़ से देवचंद मावी, बागीदौरा से बसंत गरासिया, चौरासी (डूंगरपुर) से रणछोड़ ताबियार को मैदान में उतारा गया है। वहीं खेरवाड़ा से प्रवीण परमार, झाड़ोल से देव डामोर, सलूंबर से प्रकाश खराड़ी, पाली जिले की बाली सीट से मुगलराम और मोरथला सीट से राजकुमार कटारा उम्मीदवार होंगे।

## प्रतापगढ़ जिला पुलिस की तस्कर पर कार्रवाई

# तस्करी से कमाई 3 करोड़ रुपए की संपत्ति की फ्रिज

**बेधड़क** | जयपुर

प्रतापगढ़ जिला पुलिस ने सोमवार को मादक पदार्थ तस्कर कमलेश शर्मा निवासी साकरिया थाना रठांजना की तीन करोड़ रुपए की संपत्ति फ्रिज कर दी है। पुलिस ने पदार्थ तस्करी से कमाई गई संपत्ति में एक मकान और पत्नी के नाम से खरीदा गया खेत को एनडीपीएस एक्ट की धारा 68 एफ (1) के तहत फ्रिज कराया। इसकी कीमत लगभग 3 करोड रुपए हैं। गौरतलब है कि इससे पहले भी जिला पुलिस ने कुख्यात तस्कर कमल राणा व कमलेश बैरागी की करोड़ों की संपत्ति को भी सफेमा के तहत जब्त कराया था।

जिला एसपी अमित कुमार



बुढानिया ने बताया कि यह कार्रवाई एसएचओ रठांजना की टीम ने है। संपत्ति काली कमाई से अर्जित किए जाने के समस्त दस्तावेज संबंधित अर्थॉरिटी को भिजवाए गए हैं। साल 2022 में मध्य प्रदेश की नीमच पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर 14 किलो 560 ग्राम स्मैक बरामद की थी, जिसका अनुसंधान एनसीबी इंदौर द्वारा किया जा रहा था। इस मामले में आरोपी कमलेश शर्मा वांछित था।

### तस्करों का पूरा गिरोह

आरोपी कमलेश शर्मा मादक पदार्थ तस्कर गुलनवाज और वीरेंद्र का सहयोगी रहा है। इनके एक और साथी ओमप्रकाश रैदास को भी जिला पुलिस द्वारा डिटेन कर एनडीपीएस के मामले में गुजरात पुलिस को सौंपा गया था। जिला पुलिस ऐसे आपराधिक गिरोह खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में पुलिस ने तस्कर कमलेश की मादक पदार्थ तस्करी की काली कमाई से बनाई गई संपत्ति को चिह्नित किया।

## WC: ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को 5 विकेट से हराया



**लखनऊ।** यहां अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम खेले गए विश्व कप मैच में ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को श्रीलंका को 5 विकेट से हराकर आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में पहली जीत हासिल की है। ऑस्ट्रेलिया को शुरुआती दो मैचों में भारत और दक्षिण अफ्रीका से हार का सामना करना पड़ा था। लखनऊ में श्रीलंका की टीम पहले बल्लेबाज करते हुए 43.3 ओवर में 209 रन बनाए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने मिचेल मार्श और जोश इंग्लिश के अर्धशतक की बदौलत 88 गेंद शेष रहते ये मैच 5 विकेट से जीता।

## रिमझिम से मौसम में ठंडक का शुमार



*__जयपुर।__ गुलाबी नगर में सोमवार शाम साढ़े चार बजे अचानक तेज हवाओं के साथ छाए बादल बरसे। करीब आधा घंटे तक तेज हवा के झोंकों के साथ शहर के गोपालपुरा, मानसरोवर, सांगानेर, टोंक रोड, अजमेर रोड आदि इलाकों में चली रिमझिम से मौसम में ठंडक का शुमार हो गया।*

**फोटो: राजेश कुमावत**

## रोयेरा सेफ्टी वॉल्ट लॉकर्स ने उगले राज!

# जयपुर- जोधपुर में आठ ठिकानों पर आयकर विभाग ने शुरू किया सर्वे

- रावत मिष्ठान भंडार और भगवती ट्रेडर्स के मालिकों के यहां कार्रवाई जारी
- रावत मिष्ठान के लॉकर में मिली 25 लाख से अधिक की नकदी
- एक लॉकर के मालिक ने चाबी नहीं दी तो लॉकर सील

**बेधड़क** | जयपुर

गणपति प्लाजा में निजी रोयेरा सेफ्टी वॉल्ट के लॉकर्स में छिपे करोड़ों रुपए के काले धन के सच की तलाश करने गए आयकर अधिकारियों ने सोमवार को चौथे दिन जयपुर और जोधपुर में 8 ठिकानों पर आयकर सर्वे की शुरुआत की है। एक राजनेता द्वारा शुक्रवार को निजी वॉल्ट के लॉकर्स में 500 करोड़ रुपए की नकदी व 50 किलो सोना छिपाए जाने के आरोपों के बाद सक्रिय हुई आयकर विभाग की अन्वेषण शाखा ने लॉकर्स मालिकों के दस्तावेज की जांच में दो संदिग्ध लॉकर्स के मालिकों के यहां सर्वे की कार्रवाई शुरू की। बताया जाता है कि इनमें से एक लॉकर में 25 लाख से अधिक की नकदी मिली, जबकि दूसरे लॉकर मालिक ने आयकर अधिकारियों को लॉकर की चाबी देने से ही इनकार कर दिया।




### चार दिन से चल रही लॉकर्स पर कार्रवाई

उधर, गणपति प्लाजा स्थित रोयरा सेफ्टी वॉल्ट के लॉकर्स पर शुक्रवार से शुरू हुई आयकर सर्वे की कार्रवाई सोमवार को चौथे दिन भी जारी रही। आयकर अधिकारी अभी यहां आवंटित लॉकर्स के मालिकों के दस्तावेज की विस्तृत पड़ताल कर रहे हैं। जांच में गड़बड़ी होने की दशा में संदेह के दायरे में आए लॉकर मालिकों से पूछताछ होगी और यदि संतोषजनक उत्तर नहीं मिले तो आयकर कानून में आगे कार्रवाई होगी। बातचीत में आयकर अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया है कि विभाग की ओर से रोयरा सेफ्टी वॉल्ट के लॉकर्स के संचालन पर कोई रोक नहीं है, जिसका लॉकर है, वह जब चाहे नियमानुसार लॉकर का संचालन कर सकता है।

### RMB के संचालकों के ठिकानों पर कार्रवाई

सूत्रों के अनुसार खोजबीन करने पर आयकर अधिकारियों को पता चला कि एक लॉकर स्टेशन रोड स्थित रावत मिष्ठान भंडार के संचालकों का है। शक होने पर अधिकारियों ने इसे खुलवाया तो इसमें 25 लाख से अधिक की नकदी मिली। इसके बाद सोमवार को अधिकारियों ने रावत मिष्ठान भंडार संचालकों के जयपुर में 4 और जोधपुर में 2 ठिकानों पर आयकर सर्वे की कार्रवाई शुरू कर दी। यह अभी जारी है।

### दूसरा लॉकर कार्तिक कूलवाल का

इसी तरह एक अन्य लॉकर पर भी आयकर अधिकारियों को शक हुआ। जांच में पता चला कि यह लॉकर विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र स्थित मैसर्स भगवती ट्रेडर्स के कार्तिक कूलवाल का है, जो आयातित इलेक्ट्रॉनिक सामान और एफएमसीजी का कारोबारी है। अन्वेषण शाखा के अधिकारियों ने कूलवाल को लॉकर खोलने का आग्रह किया, जिस पर उसने लॉकर खोलने से इनकार कर दिया। अब अधिकारियों ने लॉकर को सील कर कूलवाल के कारोबारी ठिकानों पर आयकर सर्वे की शुरुआत की है, जिसमें भी काफी काली कमाई उजागर होने की उम्मीद जताई जा रही है।

**जरूरी खबर**

## आरटीआई के लिए नए साल से ऑनलाइन व्यवस्था



**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा 1 जनवरी 2024 से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्राप्त होने वाले प्रार्थना-पत्र मात्र ऑनलाइन माध्यम से ही लिए जाएंगे। इस तिथि से आरटीआई के तहत ऑफलाइन प्रार्थना-पत्र लेने की व्यवस्था बंद कर दी जाएगी और ऑफलाइन प्राप्त होने वाले आरटीआई प्रार्थना-पत्रों पर कार्यवाही किया जाना संभव नहीं होगा। आयोग सचिव ने बताया कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 4 में भी यथा संभव सूचनाओं को इलेक्ट्रॉनिक रूप से पहुंचाने का लेख है। आयोग द्वारा ऑनलाइन प्रक्रिया से आरटीआई प्रार्थना-पत्र प्राप्त करने से उनके जवाब देने संबंधी कार्यवाही भी त्वरित गति से हो सकेगी।

## राज्य में मतदान दिवस पर अवकाश की घोषणा

**जयपुर।** राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर आगामी विधान सभा चुनाव के दौरान मतदान दिवस 25 नवंबर को अवकाश घोषित किया है। वित्त (मार्गोपाय) विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार राज्य के सभी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों में मतदान दिवस (25 नवंबर) पर पराक्रम्य लिखित अधिनियम (एनआई एक्ट) 1881 के तहत अवकाश रहेगा।

## अंगदान अभियान को दिया जाएगा व्यापक रूप



**जयपुर।** राष्ट्रीय अंग प्रत्यारोपण कार्यक्रम के संबंध में सोमवार को शासन सचिवालय में अंतर्विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कहा कि अंगदान एक पुनीत कार्य है, जो किसी व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। इसे देखते हुए प्रदेश में विभिन्न विभागों के समन्वय एवं जनभागीदारी के साथ अंगदान अभियान को और व्यापक रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय में अंगदान के प्रति जागरूकता पैदा करने में राजस्थान ने नए प्रतिमान हासिल किए हैं। अब विभिन्न विभागों के माध्यम से नवाचार कर इस अभियान को और गति दी जाएगी।

### कांग्रेस का जनजागरण अभियान शुरू, 13 जिलों के विधायक और जनप्रतिनिधि पहुंचे

# केंद्र सरकार ने प्रदेश की जनता के साथ की वादा खिलाफी

**बेधड़क** | जयपुर

पूर्वी राजस्थान कैनाल परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा नहीं दिए जाने पर केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ 13 जिलों में कांग्रेस की यात्रा शुरू हो गई है। इसकी शुरुआत कांग्रेस पार्टी ने हाड़ौती के बारां जिले से की। इस दौरान जनसभाओं के जरिए कांग्रेस पार्टी ईआरसीपी को लेकर जनता के बीच जनजागरण अभियान चलाएगी जो 20 अक्टूबर को दौसा जिले में सिकराय विधानसभा में होने वाली जनसभा में समाप्त होगा। इस मौके पर प्रियंका गांधी सिकराय में समापन सभा करेंगी। सोमवार को बारां में हुई सभा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी समेत कांग्रेस के राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी, विधायक, मंत्री और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इसके साथ ही सीडब्लयूसी सदस्य व मंत्री महेंद्र जीत सिंह मालवीय, मंत्री प्रमोद जैन भाया, मंत्री रमेश मीणा, शकुंतला रावत, गोविंद राम मेघवाल, खिलाड़ी लाल बैरवा, नमोनारायण मीणा, पानाचंद मेघवाल बारां अटरू, ओमप्रकाश हुड़ला, निर्मला सहरिया, आलोक बेनीवाल, पदमाराम मेघवाल सहित 13 जिलों के विधायक और जनप्रतिनिधी पंहुचे। कांग्रेस का दावा है कि ईआरसीपी से 13 जिलों को पीने और सिंचाई का पानी मिलेगा। 40 हजार करोड़ से ज्यादा के इस प्रोजेक्ट में बांध बनने के अलावा नहरें और पेयजल प्रोजेक्ट बनेंगे। ईआरसीपी वाले जिलों में अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, दौसा, जयपुर, अजमेर, टोंक, बूंदी, कोटा, बारां और झालावाड़ शामिल हैं।




### गोशालाओं को 3000 करोड़ दिए: भाया

खान एवं गोपालन मंत्री प्रमोद जैन भाया ने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा कि हाड़ौती ने भाजपा को तीन बार सीएम, केंद्रीय मंत्री, लोकसभा अध्यक्ष और सांसद दिए है। फिर ने हाड़ौती क्षेत्र में कोई विकास नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि खुली चुनौती देता हूं, खुले मंच पर बहस करें मुझसे। उन्होंने कहा कि गौमाता का नाम लेने वाली भाजपा ने महज 450 करोड़ का अनुदान गोशालाओं को दिया था, जबकि कांग्रेस सरकार में सीएम अशोक गहलोत ने 3000 करोड़ दिया है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि सोशल मीडिया पर मुझे और मेरे परिवार को मारने की धमकियां दी जा रही हैं, गाली- गलौज कर रहे है। मैंने गरीब को गणेश मानकर सेवा की है।

### वादा पूरा नहीं कर पाई मोदी सरकार

प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने बारां में सभा के दौरान कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना बनाने के वादे को नहीं निभाकर राजस्थान की जनता के साथ वादा खिलाफी की है। मोदी ने पिछले चुनाव में राजस्थान के 13 जिलों के निवासियों से वादा किया था कि यदि एनडीए की सरकार केन्द्र में बनी तो ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना बनाकर पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश का दुर्भाग्य है कि केन्द्रीय जल संसाधन मंत्री राजस्थान का होने व 25 सांसद जीतने के बावजूद भाजपा की सरकार ने अपने वादे को भुला दिया।

### कांग्रेस की 13 जिलों में यात्रा, भाजपा ने साधा निशाना

# ERCP योजना में कांग्रेस ने अटकाया रोड़ा: राठौड़

- घोषणाओं से राज्य को कर्ज के दलदल में धकेल रही प्रदेश की गहलोत सरकार

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तारीख घोषित होते ही राजनीतिक पार्टियों ने प्रदेश के विकास को लेकर आरोप-प्रत्यारोप शुरू कर दिए हैं। इधर कांग्रेस ने सोमवार को बारां में ईआरसीपी को मुद्दा बनाते हुए भाजपा को घेरने को लेकर चुनावी यात्रा शुरू की। कांग्रेस ईआरसीपीयोजना लागू नहीं होने से प्रदेश के 13 प्रभावित जिलों में भाजपा के खिलाफ यह यात्राएं निकालेगी।

कांग्रेस की सभा के बाद भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़, गजेंद्र शेखावत, विधायक चंद्रकांता मेघवाल ने पलटवार कर निशाना साधा। नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा है कि ईआरसीपी योजना को अटकाने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ दोषी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस परियोजना को वर्ष 2051 में पूरा करने का दावा कर रही है और इसके लिए 37 हजार करोड़ रुपए खर्च करने की घोषणा कर चुकी है, लेकिन इसके बाद अब तक इस योजना के नाम पर कोई काम नहीं हुआ है। राजस्थान के सीएम मुख्यमंत्री नहीं बल्कि घोषणा मंत्री हैं। प्रेस वार्ता के दौरान नेता प्रतिपक्ष राठौड़ ने कहा कि ईआरसीपी के लिए सीएम ने ईआरसीपी कॉरपोरेशन बनाकर 13 हजार करोड़ देने की बात कही, लेकिन अब तक एक पैसा भी खर्च नहीं किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ही योजना में सबसे पहले रोड़ा अटकाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा योजना लागू करने के बाद एमपी में सीएम कमलनाथ ने ही सबसे पहले राजस्थान को एनओसी देने पर एतराज जताया था। उन्होंने कहा कि एनओसी जारी नहीं होने के बाद सीएम गहलोत ने राज्य के खर्च पर प्रोजेक्ट को शुरू करने की घोषणा की और अब तक सिवाय घोषणाओं के कुछ नहीं हुआ।



### महिला अत्याचारों पर आलाकमान खामोश क्यों?

भाजपा विधायक चंद्रकांता मेघवाल ने पत्रकार वार्ता कर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे से कांग्रेस सरकार के कुशासन में हो रहे महिला अत्याचार और दलित अत्याचारों को लेकर बयान देने की मांग की। मेघवाल ने कहा कि कुशासन के जिम्मेदारों पर अभी तक दंडित क्यों नहीं किया गया। मेघवाल ने कहा कि प्रदेश में महिला अत्याचारों पर कांग्रेस नेतृत्व की खामोशी दर्शाती हैं कि कांग्रेस की इसमें सहमति हैं। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में प्रदेश में हुए अत्याचारों का हिसाब-किताब जनता चुकायएगी। मेघवाल ने कहा कि प्रदेश में महिलाएं पूरी तरह असुरक्षित हो गई है, दिन-प्रतिदिन राजस्थान लगातार 3 सालों से रेप में भी नंबर वन बना हुआ है, प्रतिदिन 17 दुष्कर्म के मामले होते हैं और हर 2 घंटे में एक नाबालिग बच्ची का अपहरण हो जाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लिए शर्म की बात हैं कि महिलाओं की हत्या, बलात्कार, अपहरण, लूट के मामलों में 46 प्रतिशत से भी अधिक की वृद्धि हुई है।



### कांग्रेस के कारनामों की इंद्रधनुषी डायरियां आएंगी : शेखावत

कांग्रेस के ईआरसीपी मुद्दे पर जनजागरण यात्रा को लेकर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने लाल डायरी के बहाने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधा। शेखावत ने जोधपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि सरकार बदलने पर कांग्रेस सरकार के कारनामों की इंद्रधनुषी रंगों की डायरियां आएंगी। शेखावत ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष खरगे जी ने अपने आधिकारिक बयान कहा कि लाल डायरी में लिखा हुआ है कि अगली सरकार कांग्रेस की बनने वाली है। शेखावत ने कहा कि खरगे को स्पष्ट करना चाहिए कि यह जो लाल डायरी की बात की है वो कांग्रेस के एक पूर्व मंत्री में विधानसभा में लहराई थी, वो ही है क्या? शेखावत ने कहा कि आज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस बात को स्वीकार कर लिया कि डायरी है। शेखावत ने कहा कि कांग्रेस की यह सदी की भ्रष्टतम सरकार है। उसकी भ्रष्टता का लेखा-जोखा केवल एक लाल डायरी में नहीं है।

### डेगाना पहुंची आरएलपी की परिवर्तन यात्रा

# मिर्धा व उनके पुत्र की चुनाव जीतने में मदद की: बेनीवाल

**बेधड़क** | जयपुर

राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी की सत्ता संकल्प परिवर्तन यात्रा सोमवार को डेगाना पहुंची। डेगाना में पार्टी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने नागौर फाटक से चिल्ड्रन पार्क तक रोड शो किया। रोड शो के बाद में हनुमान बेनीवाल ने सभा को संबोधित किया।

हनुमान बेनीवाल ने कांग्रेस और भाजपा के खिलाफ जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा- चुनाव में पार्टी डेगाना से मजबूत उम्मीदवार उतारेगी। बेनीवाल ने कहा कि मैं तो भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों को मदद करता हूं। उन्होंने कहा कि जो भी मेरे पास आता है उनकी मदद करता हूं। उन्होंने वर्तमान विधायक विजयपाल मिर्धा और उनके पिता रिछपाल मिर्धा पर भी तंज कसते हुए कहा कि पिछली बार पिता-पुत्र दोनों आए थे और मैंने उनकी मदद की और यहां से चुनाव जीतकर चले गए। उन्होंने कहा कि हनुमान बेनीवाल वो लड़ाका है, जो तेजाजी महाराज के जयकारे को राजस्थान की विधानसभा से देश की लोकसभा तक लेकर गया था।




### विधानसभा में बैठक आयोजित

# सोलहवीं विधानसभा के सदस्यों को दी जाएगी नियमों की जानकारी

**बेधड़क** | जयपुर

सोलहवीं राजस्थान विधानसभा के सदस्यों को विधानसभा प्रक्रिया और नियमों की जानकारी देने के लिए विधानसभा सचिवालय में सोमवार को समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने की।

उन्होंने बताया कि विधानसभा के आरंभ में सदस्यों को सदन संचालन से संबंधित विभिन्न नियमों, निर्णयों और विधान सभा की प्रक्रियाओं से अवगत कराया जाता है ताकि विधान सभा के नवनिर्वाचित सदस्यगण सदन संचालन से संबंधित विधायी कार्यों को नियमों के अनुसार संपादित कर सकें।

बैठक में विधानसभा के वरिष्ठ अधिकारियों को प्रमुख सचिव शर्मा ने आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि विधानसभा के सदस्यों को प्रक्रिया और नियमों के संबंध में प्रदान किए जाने वाले प्रकाशनों को नियत समय पर तैयार कर लिया जाए।

उन्होंने बताया कि सदस्य उपयोगी पुस्तिका, राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (राजस्थान शाखा) के नियम, विधान बोधनी, जीवन परिचय प्रपत्र, ई-मेल, वाई-फाई तथा डिजिटल सिग्नेचर का प्रपत्र, विधायक स्थानीय क्षेत्रीय विकास योजना, दिशा-निर्देश, सदस्य सुविधा चार्ट, सदस्य आवास आवंटन फार्म, सचिवालय सहायता भत्ता फार्म, विधान सभा की विभिन्न दीर्घाओं में प्रवेश संबंधी नियम, विधान सभा सचिवालय के अन्तः सत्रकालीन सुरक्षा व्यवस्था संबंधी नियम सहित विभिन्न नियमावली सोलहवीं राजस्थान विधानसभा के सदस्यों के लिए तैयार की जा रही है।

## चार हजार से भी ज्यादा शिकायतें मिलीं

**जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सी-विजिल एप तीसरी आंख की तरह प्रदेश भर में आदर्श आचार संहित पर नजर बनाए हुए है। इस एप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर रिकॉर्ड समय में कार्रवाई हो रही है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि विधानसभा आम चुनाव 2023 में यह एप खासा मददगार साबित हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के लागू होने से अब तक प्रदेश भर से 4,359 से ज्यादा शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से रिटर्निंग ऑफिसर्स ने 849 शिकायतों को सही पाया और उनका तय समय सीमा में निस्तारण किया गया। 18 शिकायतें अभी लंबित हैं। गुप्ता ने कहा कि आचार संहिता की सबसे ज्यादा शिकायतें 804 अलवर जिले से प्राप्त हुई हैं।

### आचार संहिता के बाद एनफोर्समेंट एजेंसियों की कार्रवाई

# तीन दिन में 33 करोड़ से ज्यादा की अवैध शराब व नकदी बरामद की

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनाव- 2023 की आचार संहिता लगने के बाद राजस्थान में एनफोर्समेंट एजेंसियां सक्रिय होकर कार्रवाई कर रही है। निर्वाचन विभाग के निर्देश पर प्रदेश में विभिन्न एजेंसियों ने सोमवार तक रिकॉर्ड 7 करोड़ रुपए से ज्यादा की ड्रग्स, शराब, सोना, फ्रीबीज और नकदी पकड़ी है।

इसी तरह पिछले 3 दिन में एजेंसियों ने 33 करोड़ रुपए की कीमत से ज्यादा की ड्रग्स, शराब, सोना, फ्रीबीज व नगदी पकड़ा था। आचार संहिता लागू होने से अब तक एजेंसियां 70 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत की अवैध सामग्री जब्त कर चुकी हैं। प्रदेश में आदर्श आचार संहित लागू होने के बाद राजस्थान पुलिस ने भी धनबल का उपयोग करने वालों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस की इस बार धरपकड़ इतनी मजबूत है कि सात दिन में ही पिछले बार से कई गुना ज्यादा कार्रवाई की गई। सात दिन में करीब 45 करोड़ रुपए शराब, मादक पदार्थ, नगदी, रेवड़ी व अन्य कीमती माल पकड़ा है। पुलिस ने जिले के अंदर व सभी जिलों की सीमाओं पर 250 चेक पोस्ट बनाई है और इतनी ही संख्या में नाके बनाए हैं। पुलिस के साथ में आयकर विभाग, वन विभाग, आबकारी विभाग और नारकोटिक्स विभाग के कर्मचारी भी कार्रवाई में शामिल हैं।



### राज्य की सीमाओं पर कड़ा पहरा

प्रदेश में अक्टूबर को आदर्श आचार संहिता लगने के बाद आईजी विकास कुमार को नोडल ऑफिसर बनाया गया। कुमार ने प्रदेश के अंतरराष्ट्रीय और अंतराज्यीय बॉर्डर पर नाकाबंदी शुरू कर दी। गांजा, स्मैक, हेरोइन, डोडा पोस्त, कोकोन समेत अन्य सामान बरामद किया है। वर्ष 2018 में छह अक्टूबर को आदर्श आचार संहिता लगी थी। सात दिसम्बर को यह हटाई गई। इस दौरान 65 करोड़ रुपए कीमत का मादक पदार्थ जब्त किया था। इसमें 20 करोड़ रुपए की 1.40 लाख लीटर शराब, 16 के मादक पदार्थ और 12 करोड़ रुपए की नकदी शामिल है। 10 करोड़ रुपए कीमत की मुफ्त को खड़ी (साड़िया, कम्बल, मोबाइल अनावाद बीज समेत अन्य मुफ्त का सामान शामिल है।

> आचार संहिता लगने के बाद मात्र सात दिन में पुलिस ने करीब 45 करोड़ रुपए कीमत के सामान को सीज किया है। पुलिस टीम पूरी तरह से बॉर्डर पर सतर्क होकर कार्रवाई कर रही है। यदि कोई टीम लापरवाही करेगी तो इस पर भी कारवाई की जाएगी।
>
> **विकास कुमार,** आईजी, आरएसी पुलिस मुख्यालय

### प्रदेशभर में विभागों द्वारा कड़ी निगरानी

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में अलग-अलग एजेंसियों की ओर से जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई कि आचार संहिता लगने से अब तक 2 लाख 73 हजार 314 लीटर शराब (5 करोड़ 81 लाख रुपए कीमत) 8 करोड़ 55 लाख रुपए कैश, ड्रग्स लगभग 30.24 करोड़ रुपए, और सोना- चांदी जैसी कीमती धातुओं की 6.62 करोड़ रुपए की जब्ती की गई हैं। जबकि 19.14 करोड़ की फ्रीबीज जब्त की गई है। इन एजेंसियों में राज्य पुलिस, राज्य एक्साइज, नारकोटिक्स विभाग एवं आयकर विभाग प्रमुख हैं।

## मां दुर्गा की तीसरी शक्ति चंद्रघंटा



**मां** दुर्गा की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघंटा है। नवरात्रि के तीसरे दिन मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की आराधना की जाती है। मां चंद्रघंटा ने राक्षसों के संहार के लिए अवतार लिया था। इनमें ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों देवों की शक्तियां समाहित हैं। ये अपने हाथों में तलवार, त्रिशूल, धनुष व गदा धारण करती हैं। इनके माथे पर घंटे के आकार में अर्द्ध चंद्र विराजमान है। इसलिए ये चंद्रघंटा कहलाती हैं। भक्तों के लिए माता का ये स्वरूप सौम्य और शांत है।

### मां चंद्रघंटा का ध्यान मंत्र

**पिंडजप्रवरारूढ़ा, चंडकोपास्त्रकैर्युता। प्रसादं तनुते मह्यं, चंद्रघंटेति विश्रुता।।**

**सीजीएसटी जयपुर एंटीइवेजन की बड़ी कार्रवाई:** गोदाम में रखा डेढ़ करोड़ से अधिक का माल जब्त

# जयपुर में पान मसाला और जर्दा का अघोषित गोदाम पकड़ा

**बेधड़क** | जयपुर

देश में पान मसाला और खाने योग्य जर्दा पर सर्वाधिक जीएसटी और सेस होने के कारण कर चोरी की पसंद बने इन उत्पादों के एक अपंजीकृत गोदाम को पकड़ने में केंद्रीय माल व सेवाकर-सीजीएसटी विभाग की एंटी-इवेजन शाखा ने सफलता प्राप्त की है।

एंटी-इवेजन शाखा के अधिकारियों ने पिछले दिनों न केवल इस गोदाम को पकड़ा, बल्कि यहां रखा 1 करोड़ 50 लाख 13 हजार 250 रुपए का माल भी जब्त किया। जयपुर में गंगापोल गेट के बाहर स्थित इस गोदाम की जांच करने गए अधिकारियों को गोदाम पर 22 लाख 63 हजार 500 रुपए की नकदी मिली, जिसे भी जब्त किया गया है। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गोदाम में कमला पसंद व राजश्री पान मसाला और सफल जर्दा आदि की बोरियां मिली, लेकिन इस माल का कोई भी दस्तावेज गोदाम की मालिक फर्म आदित्य सेल्स एजेंसी का संचालक आलोक बज पेश नहीं कर सका।

इस पर अधिकारियों ने पूरे माल को जब्त कर लिया। बताया जाता है कि देश में पान मसाला पर 28 फीसदी की दर से जीएसटी व 32 फीसदी की दर से सेस और तम्बाकू पर 28 की दर से जीएसटी व 56 फीसदी की दर से सेस की वसूली होती है। जांच में अधिकारियों को भौतिक स्टॉक के सत्यापन में भी बड़ी गड़बड़ी पकड़ी है, जो इस बात का संकेत हैं कि माल की बिक्री बिना बिल के ही हो गई। चूंकि पान मसाला व तम्बाकू की बिक्री सीधे उपभोक्ताओं को होती है, अतः आरोप लगते रहे हैं कि इन उत्पादों में देश में सर्वाधिक कर चोरी होती है।




### कारण बताओ नोटिस करेंगे जारी

सूत्रों का कहना है कि विभाग की ओर से कमला पसंद व राजश्री पान मसाला और सफल जर्दा आदि की जब्त करने के बाद अब गोदाम मालिक आदित्य सेल्स के संचालक आलोक बज ने किस्तों में राजस्व का भुगतान भी शुरू कर दिया है। अब तक संचालक बज की ओर से विभाग को एक करोड़ 58 लाख रुपए जमा कराए जाने की सूचना है, लेकिन कुछ माल अभी भी विभाग के कब्जे में हैं, जिसके आधार पर निकट भविष्य में करीब 40 लाख रुपए की और राजस्व वसूली होने की आशा है। बताया जाता है कि सीजीएसटी एंटी-इवेजन शाखा के अधिकारी शीघ्र ही आदित्य सेल्स को कारण बताओ नोटिस जारी करेंगे और उससे गोदाम का पंजीयन नहीं कराने, बिना उचित दस्तावेज के उपलब्ध माल के स्रोत और स्टॉक में अंतर की जानकारी जुटाई जाएगी।

**बारिश ने बंद कराए एसी-कूलर,** मौसमी बीमारियों का बढ़ा प्रकोप

# बदला मौसम का मिजाज, तेज हवाओं के साथ बारिश-ओले

- प्रदेश में दो दिन रहेगा मौसम में परिवर्तन, अस्पतालों में वायरल के मरीजों की संख्या में हुआ इजाफा

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में मौसम विभाग की भविष्यवाणी सही साबित हो रही है। मानसून के विदा होने के बाद पश्चिमी विक्षोभ ने अपना असर दिखा दिया, जिसके चलते प्रदेश के कई स्थानों का मौसम बदल गया। मौसम में हुए परिवर्तन का असर शहर में भी देखने को मिला। वैसे तो शहर के आसमान में सोमवार सुबह से ही बादलों की आवाजाही हो रही थी, लेकिन दोपहर बाद कुछ इलाकों में हुई बारिश ने लोगों को ठंड का अहसास करा दिया।

बारिश के कारण मौसम के ठंडा होने से लोगों ने एसी और कूलर को बंद कर दिए। वहीं मौसम जनित बीमारियों के बढ़ने से अस्पतालों में भी वायरल के मरीजों की बढ़ोतरी होने लगी है। इसके अलावा प्रदेश के अन्य जिलों में भी कहीं-कहीं तेज हवा के साथ बारिश और ओलावृष्टि हुई है।



### 30 मिनट की बरसात ने बढ़ाई ठंड

राजधानी के गोपालपुरा, मानसरोवर, सांगानेर, टोंक रोड और अजमेर रोड पर कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ बारिश करीब 30 मिनट बारिश हुई। अचानक हुई बारिश ने वाहनों चालकों को रूकने को मजबूर कर दिया। एकदम से आई बारिश से ठंड भी बढ़ गई। इससे लोगों को घर और ऑफिसों में एसी और कूलर बंद करने पड़े। बारिश के कारण मौसम जनित बीमारियों को प्रकोप भी बढ़ने लगा है। इससे अस्पताल में वायरल के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी होने लग गई है। सरकारी अस्पताल के अलावा निजी चिकित्सालय के आउटडोर में भी भीड़ देखने को मिल रही है।

### जोधपुर- बीकानेर संभाग में हुई ओलावृष्टि

मौसम के बदलाव के कारण प्रदेश के अन्य जिलों में भी हवा के साथ बारिश हुई है। वहीं जोधपुर, बीकानेर संभाग के जिलों में देर शाम को तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि हुई। यहां पाकिस्तान से लगते जिले गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, जोधपुर और आसपास के इलाकों में रविवार देर रात से ही बारिश होने लगी थी। सोमवार को भी तेज हवा के साथ ओलावृष्टि भी हुई। सर्वाधिक बारिश गंगानगर में 18.4 एमएम दर्ज की गई, वहीं हनुमानगढ़ में 16 मिमी, बीकानेर में 15 मिमी बारिश हुई। इसके अलावा हाडौती के बूंदी, बारां, झालावाड़ में भी हवाओं के साथ बरसात हुई।

### एक-दो दिन चलेगा बारिश का दौर

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के असर से मंगलवार को भी कई जगह हल्की बारिश होने के साथ कुछ जगहों पर ओले गिर सकते हैं। अजमेर, जयपुर, भरतपुर व कोटा संभाग के कुछ भागों मेघगर्जन के साथ हल्के से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इसी के साथ जोधपुर, बीकानेर संभाग के अधिकतर भागों में बारिश और 30 से 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती है, जबकि एक दो स्थानों पर ओलावृष्टि होने के भी आसार है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार आगामी एक- दो दिन में बीकानेर, बाड़मेर, चूरू, जैसलमेर, जोधपुर, नागौर, अजमेर, अलवर, भरतपुर, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, दौसा, धौलपुर, जयपुर, झुंझुनूं, करौली, राजसमंद, सवाई माधोपुर, सीकर, प्रतापगढ़ और टोंक जिले में मौसम में बादल होने के साथ कहीं-कहीं हल्की बारिश, बूंदाबांदी या ओले भी गिर सकते हैं।

### बढ़ेगी गुलाबी ठंड

मौसम विभाग जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का असर एक-दो दिन देखने को मिलेगा। इसके चलते कुछ भागों में बारिश हो सकती है। 18 अक्टूबर से राज्य में मौसम शुष्क रहेगा और तापमान में 2-3 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है। इससे गुलाबी ठंड की शुरुआत भी हो जाएगी। विंड पैटर्न चेंज होगा और उत्तर भारत में हुई बर्फबारी के कारण ठंडी हवाएं राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली समेत मैदानी राज्यों में आने लगेंगी।

**जयपुर बचाओ संघर्ष समिति**

# 1100 मंदिरों में होंगे आज हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ

**बेधड़क** | जयपुर

परकोटे के सुभाष चौक इलाके में मोटरसाइकिल टक्कर के बाद हुई युवक की हत्या की घटना के बाद परकोटे के बाजारों में असामाजिक तत्वों द्वारा हुई तोड़फोड़ और आगजनी के विरोध में सनातन धर्म की रक्षा के लिए शहर के 1100 मंदिरों में हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ के आयोजन किए जाएंगे।

जयपुर बचाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में होने वाले हनुमान चालीसा के पाठ हनुमत शक्ति जागरण के नाम से मंगलवार को आयोजित किए जाएंगे। समिति के संयोजक राजकुमार गुप्ता ने बताया कि परकोटे में सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने वालों के खिलाफ 4 अक्टूबर को बड़ी चौपड़ पर धरना दिया गया था। उस समय सर्व समाज ने पुलिस प्रशासन के सामने आठ मांगें रखी थी। छोटी काशी में सौहार्द्र बना रहे, इसके लिए मंगलवार को 1100 मंदिरों में सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठ किए जाएंगे। इसमें शहर के सनातन धर्म को मानने वाले हजारों लोग शामिल होंगे।

उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन ने जयपुर बचाओ संघर्ष समिति की आठ मांगों का तुरंत समाधान नहीं किया तो जल्द ही जयपुर बंद करके एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा।



शहर की शांति व्यवस्था से किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जाएगा। हनुमान चालीसा के कार्यक्रमों के माध्यम से पूरे समाज की शक्ति का जागरण करने का कार्य समिति और सामाजिक संगठनों द्वारा किया जाएगा। माणक चौक थाना पुलिस ने परकोटे के पुरोहित जी के कटला बाजार में उपद्रव फैलाने पर मंगलवार को दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि उपद्रव फैलाने और दुकानों से लूटपाट करने वालों की पहचान की जा रही है। जल्द ही शेष आरोपियों को भी पकड़ लिया जाएगा।

## जरूरी खबर

### तंगी से परेशान परिवार ने दी जान

**जयपुर।** करधनी थाना इलाके रविवार देर रात को आर्थिक तंगी और बीमारी के चलते पति-पत्नी और बेटे ने पपीते के ज्यूस में विषाक्त मिलाकर पी लिया।

इससे नवीन सैन (41) पत्नी सीमा सैन (39) बेटे मंयक (14) की मौत हो गई। यह सभी बसावा तहसील नवलगढ़ झुंझुनूं हाल बालाजी बिहार के रहने वाले थे। पुलिस ने सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए। मौके पर पहुंची एफएसएल टीम को कुछ पॉऊच मिले हैं। थानाप्रभारी उदयसिंह यादव ने बताया कि जांच में सामने आया है कि तीनों ने पपीते के ज्यूस में विषाक्त मिलाकर सेवन किया। इस दौरान नवीन और सीमा की मौक पर ही मौत हो गई। बेटे मंयक ने उपचार के दौरान जेकेलोन अस्पताल में दम तोड़ दिया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।


**श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव-2023 का हुआ शुभारंभ**

# शाही लवाजमे के साथ निकाली शोभायात्रा

**बेधड़क** | जयपुर

श्री अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल समाज के प्रर्वतक महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा श्री अग्रवाल समाज समिति के बैनर तले शाही लवाजमे के साथ निकाली गई।

बैंडबाजों के साथ निकली इस शोभायात्रा में 18 राजकुमारों के गोत्र की झांकियां, बाबा श्याम दरबार सहित अन्य झांकियां शामिल थी। शोभायात्रा में 20 हजार से अधिक अग्रबंधुओं ने शिरकत की। महोत्सव के मुख्य संयोजक और प्रभारी उपाध्यक्ष पवन गोयल होटल सफारी वालों ने बताया कि जयंती महोत्सव का शुभारंभ रविवार को श्री अग्रवाल समाज समिति समिति के कार्यालय पर ध्वजारोहण समिति के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश भाड़ेवाला और विधायक कालीचरण सराफ ने किया। इसके बाद श्री अग्रसेन मंदिर में पूजा-अर्चना व आरती की गई।



### खेलकूद प्रतियोगिता व मेडिकल कैंप आज

प्रभारी उपाध्यक्ष मुकंल गोयल, समन्वयक एडवोकेट पीयूष गोयल और संयोजक शंकर लाल सूतपुणीवाले ने बताया कि महोत्सव में मंगलवार को 7 बजे खेलकूद प्रतियोगिता और श्री अग्रसेन मेडिकल कैंप का आयोजन होगा। इस मौके पर दौड़, क्रिकेट प्रतियोगिता, तीन टांग दौड़, जलेबी दौड सहित कई प्रतियोगिताएं होगी। अग्रवाल छात्रावास प्रांगण में जीवन ज्योति हॉस्पिटल के सहयोग से अग्रसेन मेडिकल कैंप लगाया जाएगा।

### नेताजी चुनाव में व्यस्त, आमजन गंदगी से त्रस्त



*जयपुर। विधानसभा चुनाव घोषणा के बाद से ही जनप्रतिनिधि लोगों की सुध लेने के बजाय अपनी व्यवस्थाओं को ठीक करने में लगे हैं। ऐसे में शहर में डोर टू डोर कचरा संग्रहण और सफाई व्यवस्था चरमरा गई है, अधिकांश कॉलोनियों में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं। जयपुर के मुख्य जवाहरलाल नेहरू मार्ग पर मेडिकल कॉलेज के सामने लगा कचरे का ढेर।* **-फोटो: राजेश कुमावत**

**इलेक्शन की युद्धस्तर पर तैयारियां**

# विधानसभा चुनाव में 50 फीसदी पोलिंग बूथों की होगी लाइव वेबकास्टिंग

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन अब युद्धस्तरीय तैयारियों में जुट गया है। सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने विधानसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा बैठक ली।

इस दौरान उन्होंने जिले के सभी निर्वाचक रजिस्ट्रेशन पदाधिकारियों को लगातार फील्ड विजिट करने, चुनावों से संबंधित तमाम व्यवस्थाओं और इंतजामों को दुरुस्त रखने, आचार संहिता की प्रभावी पालना सहित अन्य जरूरी दिशा निर्देश दिए।



इस अवसर राजपुरोहित ने कहा कि भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा चुनावों में निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान के लिए 50 फीसदी मतदान केंद्रों की लाइव वेबकास्टिंग की जाएगी।

वहीं वेबकास्टिंग की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए जिला कलेक्ट्रेट में केंद्रीकृत नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सी-विजिल एप के माध्यम से दर्ज होने वाली शिकायतों पर महज 100 घंटों में कार्यवाही कर आदर्श आचार संहिता का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। जिले में अब तक 600 से ज्यादा शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है।

### चुनाव सफल हों, इसके लिए प्रक्रिया का दिया प्रजेंटेशन

बैठक में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों ने नाम निर्देशन प्रक्रिया, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा और नाम वापसी, होम वोटिंग, पोस्टल बैलेट, व्यय निगरानी, सी-विजिल एप का क्रियान्वयन, आदर्श आचार संहिता का पालना, ईवीएम से वोटिंग के लिए तैयारियां, मतदान दिवस निगरानी प्रणाली सहित विधानसभा चुनाव से संबंधित अलग-अलग विषयों पर प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किए। बैठक में जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रथम) दिनेश कुमार शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक, अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) अशोक कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) लोकेश मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) मोहम्मद अबू सूफियान चौहान सहित सभी 19 विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी मौजूद रहे।



### लाखों की नकदी पकड़ी

वहीं बस्सी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राजाधोक टोल प्लाजा पर नाकाबंदी के दौरान एक कार से 13 लाख 40 हजार रुपए जब्त किए गए है। इस संबंध में थानाधिकारी राण सिंह सोढ़ा ने बताया कि आगामी चुनावों को लेकर क्षेत्र में पुलिस लगातार चाक चौबंद व्यवस्था में लगी हुई है। इसी कड़ी में राजाधोक टोल प्लाजा के पास दिल्ली की ओर से आ रही एक कार को रोककर उसकी तलाशी ली गई तो उसमें तीन लोगों के पास 13 लाख 40 रुपए की नकदी मिली। तीनों से नकदी के बारे में पूछा तो उन्होंने मार्बल खरीदने की बात कही। इस पर दस्तावेज मांगने पर वे कोई संतुष्टप्रद जवाब नहीं दे पाए। ऐसे में आयकर विभाग को सूचित किया और नकदी को जब्त किया। फिलहाल मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

**जरूरी खबर**

### रामलीला में पहले दिन हुआ 'नारद मोह' का मंचन



**चूरू।** जिला मनोरंजन क्लब में भोलेनाथ कला मंच की ओर से रामलीला का मंचन शुरू हुआ। मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ रहे और अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष हरलाल सहारण ने की। पूर्व सभापति विजय कुमार शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। प्रथम दिन नारद मोह एवं रावण-वेदवती संवाद के प्रसंग का मंचन किया गया। विनोद राठी ने नारद, जगदीश राहड़ ने इंद्र, घनश्याम शर्मा ने विष्णु, चंपालाल प्रजापत ने रावण, गजानंद गोंड ने शिव, मुकेश अग्रवाल ने कामदेव एवं मुकेश वर्मा ने लालदेव की भूमिका निभाई।

### टोल नाके पर हरियाणा से 6.19 लाख रुपए बरामद

**दौसा।** थाना राहुवास पुलिस की टीम ने जयपुर मुंबई एक्सप्रेस हाईवे डूंगरपुर टोल प्लाजा पर नाकाबंदी में हरियाणा नंबर की क्रेटा कार से 6 लाख 19 हजार 500 रुपए बरामद किए है। एसपी वंदिता राणा ने बताया कि सोमवार को डूंगरपुर टोल प्लाजा पर नाकाबंदी की गई थी। इस दौरान करीब 12 बजे एक हरियाणा नंबर की संदिग्ध कार को रुकवाया गया। इसमें चालक तरुण कुमार त्यागी (32) और पास वाली सीट पर देशराज गुर्जर (48) निवासी गुरुग्राम हरियाणा सवार थे। कार के दस्तावेज मांगे गए तो उनके पास नहीं थे। इस पर कार और और नकदी को जब्त कर लिया गया।

### काले हिरण का शिकार करने के दो आरोपी गिरफ्तार



**कोटा।** जिले के देवली मांझी थाना क्षेत्र में काले हिरण के शिकार का मामला सामने आया है। इसमें पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनसे एक जीप भी जब्त की है। जबकि हथियार सहित दो आरोपी फरार हो गए। घटना चौमा कोट गांव के माल में रविवार रात करीब 11 बजे की है। ग्रामीण एसपी कावेंद्र सिंह सागर ने बताया कि शिकार करने की सूचना पर एसएचओ जगदीश राय टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कोटा दादाबाड़ी निवासी अब्दुल कलाम (72) व कोटा विज्ञान नगर निवासी वसीम अंसारी (39) को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से बंदूक से हिरण का शिकार करना कबूला।

**चुनावी गर्मी:** दोनों के समर्थकों में हाथापाई के बाद पुलिस ने बीच-बचाव कर शांत कराया माहौल

## बेनीवाल की सभा में मिर्धा जिंदाबाद के नारे से गरमाया माहौल

बेधड़क | नागौर

विधानसभा चुनावों की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे ही प्रदेश में चुनावी माहौल भी गरमाने लगा है। भाजपा-कांग्रेस सहित अन्य पार्टियां मतदाताओं को रिझाने के लिए रैली और सभाओं का आयोजन कर रही हैं। नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी तेज हो गया है।

इसके चलते नेताओं और कार्यकर्ताओं के समर्थकों के बीच नौकझौंक भी देखी जा रही है। ऐसा ही मामला सोमवार को नागौर में सामने आया। जिले में हनुमान बेनीवाल और विजयपाल-रिछपाल मिर्धा के समर्थकों के बीच अदावत बढ़ती जा रही है। सोमवार को बेनीवाल और मिर्धा के समर्थक आपस में उलझ गए और नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। मौके पर मौजूद पुलिस के जवानों ने दोनों के समर्थकों को अलग-अलग किया।

घटना सोमवार शाम 6:30 बजे की है। प्रदेश में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) की ओर से निकाली जा रही सत्ता संकल्प यात्रा शाम करीब 4 बजे डेगाना पहुंची। इस दौरान पार्टी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने रोड शो किया, जो नागौर फाटक से शुरू होकर चिल्ड्रन पार्क पहुंचकर समाप्त हुआ। इसके बाद पार्क में हनुमान बेनीवाल आम सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान बेनीवाल ने कांग्रेस और भाजपा के खिलाफ जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में आरएलपी डेगाना सीट से मजबूत उम्मीदवार उतारेगी।



### मामले का पता लगा तो कार्यकर्ताओं से की समझाइश

बेनीवाल की सभा में हंगामे के मामले पर डेगाना विधायक विजयपाल मिर्धा ने कहा कि मुझे इस मामले को लेकर पूर्व में कोई जानकारी नहीं थी। कार्यकर्ता खुद ही एकत्र होकर मेरे समर्थन में नारेबाजी की तो मौके पर हंगामा हो गया। घटना का पता लगने पर मैंने कार्यकर्ताओं को फोनकर समझा दिया है। मिर्धा ने बताया कि सत्ता संकल्प यात्रा जहां-जहां जा रही है, वहां आरएलपी के नेताओं ने अनर्गल बयानबाजी के चलते हंगामा हो रहा है। वहीं सभा में हनुमान बेनीवाल ने मेड़ता में बिना नाम लिए कांग्रेस और बीजेपी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी पार्टी के सामने वाला पाला भी कमजोर है। एक तरफ पप्पू है और दूसरी तरफ गप्पू है। पार्टी की विधायक इंदिरा बावरी अपने भाषण के दौरान भावुक हो गईं। इस दौरान भोपालगढ़ विधायक पुखराज गर्ग समेत पार्टी के कई नेता मौजूद रहे।

### बेनीवाल के इस बोल पर भड़के मिर्धा समर्थक


सभा के दौरान बेनीवाल ने कहा कि हनुमान वो लड़ाका है, जो तेजाजी महाराज के जयकारे को राजस्थान की विधानसभा से देश की लोकसभा तक लेकर गया था। इतना सुनते ही सभा में मौजूद विजयपाल मिर्धा और रिछपालसिंह मिर्धा समर्थकों ने विजयपाल और रिछपाल मिर्धा जिंदाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए । इसी दौरान दोनों पार्टियों के समर्थकों में आपसी झड़प हो गई। हालांकि पुलिस ने माहौल गरमाता देख दोनों ही पार्टियों के समर्थकों को अलग-अलग कर मामला शांत करवाया। इधर, जैसे ही दोनों समर्थक आपस में उलझे तो हनुमान बेनीवाल वहां से निकल गए।

**नशे पर नकेल:** धरपकड़ के बावजूद बदमाशों के हौसले बुलंद

## पुलिस ने सख्ती बढ़ाई तो तस्कर अब आजमा रहे नए-नए हथकंडे

*प्रदेश में चुनाव आचार संहिता लगने के साथ ही पुलिस मादक पदार्थ, सोना-चांदी, नकदी व अन्य अवैध सामग्री की धरपकड़ तेज कर दी है। इसके तहत तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके बावजूद तस्करों व असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद दिख रहे हैं। पुलिस ने सख्ती दिखाई तो बदमाशों ने तस्करी के अलग-अलग तरीके खोज निकाले। सोमवार को झालावाड़ और चित्तौड़गढ़ में तस्करों के खिलाफ की गई कार्रवाई में ऐसा ही कुछ देखने को मिला। पुलिस को चकमा देने के लिए आरोपियों ने अलग हथकंडे अपनाए। हालांकि वे सफल नहीं हो सके और पुलिस के हत्थे चढ़ गए।*

### चार कंटेनर से बरामद हुई 2 करोड़ की विदेशी शराब



**झालावाड़।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला पुलिस टीम की ओर से चेक पोस्टों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान जारी है। इस कड़ी में सोमवार को चेक पोस्टों पर जांच के दौरान अवैध मंहगी शराब से भरे 4 कंटेनरों को जब्त किया है। कंटेनर में मिली शराब की कीमत करीब 2 करोड़ रुपए बताई जा रही है। पुलिस की ओर से की गई पूछताछ में पता चला कि यह कंटेनर मुंबई से दिल्ली जा रहे थे, लेकिन इन्होंने झालावाड़ होकर लंबा रास्ता क्यों चुना, इसका जवाब चालक-खल्लासी नहीं दे पाए। साथ ही माल परिवहन के रूट से संबंधित दस्तावेज भी नहीं पेश कर पाए। झालावाड़ पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने बताया कि चुनाव के दरमियान आपराधिक गतिविधियों, शराब तस्करी व नक्दी के परिवहन पर प्रभावी रोकथाम के लिए जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत सदर थाना पुलिस और थाना मंडावर की ओर से चेक पोस्ट से गुजर रहे चार कंटेनरों को रुकवाकर उनकी जांच की गई, तो उनमें विदेशी महंगी शराब की पेटिया मिली। पुलिस ने कंटेनर चालक व खलासियों से शराब परिवहन के रूट मैप के दस्तावेजों की जानकारी मांगी, तो चालक कागज उपलब्ध नहीं करा पाए। पुलिस ने चारों कंटेनरों को जब्त करने के बाद आबकारी विभाग तथा सेल टैक्स के अधिकारियों को भी सूचना दी, जो अब आगे की कार्रवाई कर रहे हैं।

### 21 लाख का डोडा-पोस्त बरामद



**झालावाड़।** सोमवार को पिपलिया गांव में चेकिंग के दौरान एक पिकअप में सवार दो तस्करों को गिरफ्तार कर 21 लाख रुपए कीमत का 130 किलो डोडा चूरा बरामद किया है। एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि एसएचओ भवानी मंडी मांगे लाल द्वारा जुल्मी तिराहे पर नाकाबंदी की गई थी। नाकाबंदी में चेकिंग करते समय एक पिकअप को रुकवा कर चेक किया तो उसमें सोयाबीन के चारे के नीचे डोडा-चुरा के कट्टे छिपा रखे थे। इसका कुल वजन 1 क्विंटल 30 किलो था। इस पर पिकअप सवार आरोपी राजूराम रायका (32) व बिरदा राम जाट (40) निवासी पावा थाना खुनखुना जिला नागौर को गिरफ्तार किया गया।

### दो किलो अफीम सहित आरोपी पकड़ा

**चित्तौड़ग।** राशमी थाना पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक युवक से 2 किलो 110 ग्राम अफीम बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी स्टील की केतली में घी बेचने के बहाने अफीम छिपा कर ले जा रहा था। एसपी राजन दुष्यन्त ने बताया कि मुखबिर की सुचना पर सरहद भट्टखेड़ी पहुंच सूचना अनुसार पैदल जा रहे एक व्यक्ति को डिटेन किया। हाथ की केतली को खोलकर चैक किया तो उसमे 2 किलो 110 ग्राम अफीम मिली। आरोपी भट्टखेडी थाना राशमी चित्तौडगढ़ निवासी श्याम लाल अहीर (30) को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया गया है।

**कैलादेवी अभयारण्य से मिली गुडन्यूज**

## बाघिन टी-135 ने दिया दो शावकों को जन्म, तीनों कैमरे में हुए कैद



बेधड़क | उदयपुर

कैलादेवी वन्यजीव अभयारण्य क्षेत्र से वन्य प्रेमियों के लिए खुशखबरी मिली है। यहां बाघों का कुनबा अब और बढ़ गया है। हालांही में यहां बाघिन टी-135 ने दो शावकों को जन्म दिया है।

अभयारण्य में बाघिन अपने शावकों के साथ चहल-कदमी करते हुए कैमरे में कैद हुई है। शावकों की निगरानी के लिए वन विभाग की दो टीमों का गठन किया गया है। कैलादेवी वन्यजीव अभयारण्य के उपवन संरक्षक नाहर सिंह सिनसिनवार ने बताया कि सपोटरा मुख्यालय के नैनिया की रेंज के अन्तर्गत नाका खोह के वनखण्ड सिमिर खोह में बाघिन टी-135 अपने दो शावकों के साथ कैमरे में ट्रैप हुई है। दोनों शावक पूर्ण रूप से स्वस्थ्य विचरण करते हुए नजर आए हैं। रणथम्भौर बाघ परियोजना की बाघिन टी-135 का लम्बे समय से जिले के कैलादेवी वन्यजीव अभयारण्य में मूवमेंट बना हुआ है।

### दो और बाघों का मूवमेंट

डीएफओर नाहर सिंह का कहना है कि दोनों शावकों के विचरण क्षेत्र पर विभाग की टीम पूरी निगरानी कर रही है। विचरण क्षेत्र में अतिरिक्त ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही स्टाफ की ओर से भी लगातार गश्त की जा रही है। गौरतलब है कि कैलादेवी वन्य जीव अभयारण्य अब बाघों को रास आने लगा है। ये तीसरी बार है, जब क्षेत्र में बाघिन ने शावकों को जन्म दिया है। डीएफओ नाहर सिंह ने बताया कि इस समय कैलादेवी अभयारण्य में दो और बाघों का मूवमेंट है। इनमें एक नर बाघ है तो वहीं दूसरी मादा बाघिन है। विभाग उन पर भी नजर बनाए हुए है।

**पंजाब के बिन्नी गुज्जर गिरोह** के सदस्य हैं दोनों बदमाश

## ऑटोमोबाइल मैकेनिक की हत्या के आरोपी 2 शार्प शूटर गिरफ्तार

बेधड़क | बाड़मेर

महाबार रोड़ पर दिनदहाड़े फायरिंग कर ऑटोमोबाइल मैकेनिक की हत्या करने के मामले में गठित विशेष टीम ने पंजाब के 2 कुख्यात शूटरों को गिरफ्तार किया है।

आरोपी अभिषेक भट्टी उर्फ अभी वाल्मीकि व अमृत सिंह उर्फ गड़ेल होशियारपुर जिले के थाना माडल टाउन इलाके के रहने वाले हैं। एसपी दिगंत आनंद ने बताया कि 3 अक्टूबर को परिवादी हरभजन सिंह ने रिपोर्ट दी थी कि गंगानगर निवासी उसका भांजा हरपाल सिंह उर्फ रिंकू (28) बाड़मेर में सांचौर रोड पर मोटर गैराज चलाता है।



वह दोपहर में मोटर्स गैराज गया था। वहां रघु उर्फ भुपेन्द्र सिंह उर्फ बिन्दा अपने साथियों के साथ पंजाब नम्बर की स्विप्ट कार में आया। उसने आवाज देकर रिंकू को बाहर बुलाया और पिस्टल से फायर कर दिया।

घायल रिंकू की जोधपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक रिंकू तथा आरोपी रघु की पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी प्राप्त कर कई जगहों के सीसीटीवी फुटैज खंगाले गए। इसके बाद टीम को पता लगा कि आरोपी रघु पंजाब की बिन्नी गुज्जर गैंग का सक्रिय सदस्य था टीमों ने आरोपी को गांव बुल्होवल जिला होशियारपुर से दबोच लिया।

**गांधी पार्क रंगमंच** पर कलाकारों ने साकार की रामकथा

## गणपति की मनुहार के साथ रामलीला शुरू

बेधड़क | टोंक

नगर परिषद टोंक की ओर से गांधी पार्क रामलीला रंगमंच पर रविवार रात्रि को प्रथम पूज्य भगवान गणपति की पूजा-अर्चना के साथ के साथ रामलीला का शुभारंभ हुआ। गांधी पार्क रामलीला रंगमंच पर श्रीरामायण प्रचारक मण्डल काशी, वाराणसी के कलाकारों की ओर से श्रीराम की लीलाओं का मंचन किया।

शुभारंभ पं. पवन सागर के आचार्यत्व में नायब तहसीलदार निर्भय कुमार शर्मा, नगर परिषद से लेखाधिकारी हजारीलाल भील, सहायक लेखाधिकारी



सुरेश चंद जैन, सहायक अभियंता पप्पू लाल मीणा, स्टोर कीपर सुभाष धामुनिया, वरिष्ठ लिपिक पीरू लाल सैनी, सत्येन्द्र लोदी, पार्षद रामचरण साहू एवं उपस्वास्थ्य निरीक्षक कुलदीप चांवरिया आदि ने गणेशजी की पूजा-अर्चना की। पहले दिन नारद मोह का मंचन हुआ।

### अग्रसेन महाराज की निकाली शोभायात्रा

अग्रवाल समाज की ओर से घंटाघर चौराहे से मुख्य बाजार में महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर भव्य विशाल शोभायात्रा निकाली गई। अग्रवाल समाज के राजीव बंसल ने बताया कि शोभायात्रा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ रवाना हुई।इस अवसर पर एड. राजेन्द्र गोयल, मुरारी लाल सिंघल, मणिकांत गर्ग, श्याम लाल जैन, सुनील बंसल, व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनीष बंसल सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद रहे।

### स्वर्णकार-अग्रवाल समाज के हुए चुनाव

मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज की ओर से श्रीराधाकृष्ण मन्दिर, बच्छराज कड़ेल की धर्मशाला में श्रीमैढ़ क्षत्रिय नवयुवक मंडल के चुनाव सम्पन्न हुए। इसमें अध्यक्ष महेश सोनी, महामंत्री गौरव सोनी एवं कोषाध्यक्ष पवन सोनी को चुना गया। उधर अग्रवाल धर्मशाला में अग्रवाल समाज की कार्यकारिणी के चुनाव हुए इसमें अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार गोयल, उपाध्यक्ष राजीव बंसल, मंत्री सुनिल कुमार जैन आंडरा को बनाया गया है।

**त्योहार की तैयारी पर चर्चा**

## छठ पूजा महोत्सव से पहले होंगे कुश्ती के मुकाबले

बेधड़क | हनुमानगढ़

बिहार व पूर्वांचल के लोगों का प्रमुख छठ पूजा महोत्सव इस बार धूमधाम से मनाया जाएगा। जिले में मनाए जाने वाले इस पर्व के अवसर पर कई तरह के कार्यक्रम होंगे। इनकी तैयारियों के संबंध में चर्चा के लिए श्रीछठ पूजा समिति सदस्यों की बैठक जंक्शन में हुई। समिति व्यवस्थापक प्रदीप पाल, संरक्षक गुरदेव सिंह और एडवोकेट ओम प्रकाश यादव, अध्यक्ष राजवीर यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में नए सदस्यों का माला पहनाकर स्वागत किया गया।

बैठक के दौरान नशा मुक्त हनुमानगढ़ के तहत छठ महोत्सव के अन्तर्गत दंगल-2023 का




आयोजन किए जाने का निर्णय लिया गया। दंगल कार्यक्रम के तहत कुश्ती के मुकाबले जंक्शन में सूरतगढ़ रोड स्थित चुंगी नम्बर 8 पर होंगे। इसमें जिले के पहलवान दमखम दिखाएंगे। दंगल कार्यक्रम की जिम्मेदारी गांव मक्कासर निवासी पहलवान सुखासिंह को सौंपी गई। समिति के भारत कुमार ने बताया कि छठ महोत्सव की तैयारियों के लिए समिति के सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी जा चुकी हैं। जल्द ही छठ महोत्सव के प्रचार के लिए रथ रवाना किया जाएगा। छठ पर्व के मौके पर रात्रि जागरण भी होगा।

### नहाय-खाय से शुरू होगी छठ पर्व की शुरुआत

समिति व्यवस्थापक प्रदीप पाल ने बताया कि छठ पूजा कार्यक्रम 17 नवंबर को नहाय खाय के साथ प्रारंभ होगा। छठ पूजा महोत्सव के तहत 18 नवंबर को खरना, 19 नवंबर को शाम 5.26 बजे डूबते सूर्य को अर्घ्य, 20 नवंबर को सुबह 6.47 बजे उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ पूजा का समापन होगा। 19 नवंबर को शाम सवा पांच बजे शिव तांडव का कार्यक्रम होगा। रात्रि सवा आठ बजे जागरण शुरू होगा। जागरण में पवन राजा बिहार, लक्ष्मण मेहरा पीलीबंगा, सुनीता राजस्थानी गोलूवाला भजनों का गुणगान करेंगे। करण सांवरिया हनुमानगढ़ की ओर से झांकियां दिखाई जाएंगी। समिति संरक्षक एडवोकेट ओम प्रकाश यादव ने बताया कि छठ पूजा हर साल कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को होती है। 4 दिवसीय छठ पूजा में सूर्य देव और छठी मैय्या की पूजा की जाती है।

### उगते और अस्त होते सूर्य की करते हैं आराधना

छठ पूजा के दौरान व्रती उगते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। उससे एक दिन पूर्व डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाता हैं। छठ पूजा में पहला दिन नहाय-खाय, दूसरे दिन लोहंडा और खरना, तीसरे दिन छठ पूजा और संध्या अर्घ्य का होता है। चौथे दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देते हैं और पारण कर व्रत को पूरा करते हैं। इन सभी कार्यक्रमों का आयोजन जंक्शन में सूरतगढ़ रोड, आईटीआई कॉलोनी के पास चुंगी नम्बर 8, दो केएनजे पंचायत में होगा। बैठक में रमाशंकर, रमेश कुमार, पारसनाथ, शंकर मंडल, रामू राय, राजकुमार, माताफेर, बलकरण, सुशील दास, भाईलाल, संतोष कुमार, ओम प्रकाश, लालू गुप्ता, छोटू लाल, विनोद कुमार, गिरिजा शंकर, खजान पाल, करण यादव, प्रमोद कुमार, सुरेश, शिवाजी गुप्ता, राजा साहनी, निखिल गुप्ता आदि मौजूद

## बुजुर्ग पर बिजली का जर्जर खंभा गिरने से हुई मौत

बेधड़क | भरतपुर

जिले के जघीना में बिजली का जर्जर खंभा बदलने के दौरान हादसा हो गया। खंभा घर के बाहर बैठे एक बुजुर्ग के सिर पर जा गिरा। इसके चलते 75 साल के बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। जघीना में सीमेंट से बने ज्यादातर खंभे जर्जर हो चुके हैं। इन्हें बदलने का निर्देश दिया गया था।

सोमवार सुबह 11 बजे डिस्कॉम ऑफिस से बिजली कर्मचारियों की टीम खंभे बदलने उद्योगनगर थाना इलाके के गांव जघीना पहुंची। लाइनमैन कर्मचारियों को निर्देश दे रहा था। इस दौरान एक कर्मचारी ने तार खींचा तो एक के बाद एक 3 खंभे भर-भराकर गली में गिर गए। एक खंभा घर के बाहर बैठे बुजुर्ग गिर्राज के सिर पर आ गिरा। हादसा दोपहर 12 बजे के लगभग हुआ। इसके बाद गांव में हड़कंप मच गया और 5 बिजली कर्मचारी काम छोड़ इधर-उधर हो गए। बाइक पर आया लाइनमैन भी मौका स्थल से फरार होने के प्रयास में था, लेकिन कुछ लोगों ने लाइनमैन को पकड़ लिया। और मारपीट कर बंधक बना लिया। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे छुड़ाया।

मृतक गिर्राज के पोते दीपक ने कहा कि यह हादसा बिजली विभाग की लापरवाही से हुआ है। इसके बाद परिवार के लोग अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गए। मौके पर पहुंचे एसडीएम ने परिवार को सरकारी योजनाओं के तहत मुआवजा दिए जाने का आश्वासन दिया। इसके पोस्टमॉर्टम के लिए परिजन तैयार हुए।

**चुनावी पोळ**

ईआरसीपी की खड़ग पर
चढ़ी वोटां की धार।
माच्यो रण चुनाव को
नेता करैं वार पर वार।।

गजानन

# प्रदेश में दो पार्टियों के दबदबे के बीच तीसरा मोर्चा बना रहा है अपनी जमीन

हिमांशु शर्मा | बेधड़क

**जयपुर।** राजस्थान को एक टू पार्टी स्टेट माना जाता है। यहां हमेशा कांग्रेस या भाजपा में से ही किसी पार्टी की सरकार रही है। इस प्रदेश में इन दोनों पार्टियों के अलावा कोई भी पार्टी कभी इस स्तर पर नहीं उभरी कि अपनी सरकार बना सके या किसी सरकार में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके। बसपा, सीपीएम, रालोपा सहित कुछ छोटी पार्टियों का वोट बैंक है, लेकिन सरकार बनाने की स्थिति में कोई भी पार्टी फिलहाल दिखाई नहीं देती। 1980 के बाद कभी बीजेपी तो कभी कांग्रेस की सरकार सत्ता में आती रही है। साल 1998 से लेकर साल 2018 तक केवल दो ही मुख्यमंत्री रहे हैं। यही कारण है कि अगर तीसरा मोर्चा बनता है जो राज्य की जनता एक मौका उन्हें भी जरूर देना चाहेगी। राजस्थान में तीसरे मोर्चे की सरकार तो अब तक नहीं बन पाई लेकिन चुनावों में निर्दलीय अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं।

## क्षेत्रीय पार्टियां बिगाड़ेंगी गणित



## किसी तीसरी पार्टी की नहीं है प्रदेशव्यापी पहुंच

प्रदेश में तीसरे मोर्चे की मौजूदगी पचास के दशक से है, तब स्वतंत्र पार्टी और रामराज्य पार्टी अस्तित्व में थी। आज भी तीसरा मोर्चा तो मौजूद है, लेकिन अब इनकी प्रदेशव्यापी पहुंच नहीं है. ये राजनीतिक दल जाति या क्षेत्र तक सीमित है। प्रदेशभर में यात्रा निकाल रहे हनुमान बेनीवाल को जहां मारवाड़ में भरपूर समर्थन मिल रहा है वहीं जयपुर में उनकी रैली में श्रोताओं का टोटा रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव में हनुमान बेनीवाल की पार्टी ने 58 सीटों में से तीन पर जीत हासिल की थी तो सात सीटों पर कड़ी टक्कर के बाद प्रत्याशी दूसरे नंबर पर रहे थे। इस बार वे सभी 200 सीटों पर ताल ठोक रहे हैं। दो सीटें जीतने वाली बीटीपी भी अब बीएपी बन चुकी है और 17 आदिवासी सीटों पर मुकाबला करेगी।

बसपा ने भी हाल ही प्रदेश की आधी विधानसभाओं में रैली निकाली है। 16 अगस्त को धौलपुर से रवाना हुई रैली का समापन मंगलवार 29 अगस्त को जयपुर के शहीद स्मारक पर हुआ। बसपा के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद ने कहा कि बसपा प्रदेश की सभी 200 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पांच सीटों पर उम्मीदवार भी उतारे जा चुके हैं। बसपा हालांकि चार से पांच फीसदी वोट बैंक हासिल करती है, लेकिन क्षेत्रीय पकड़ कमजोर है। प्रदेश में पिछले चुनावों में बसपा ने छह सीटें जीती थीं लेकिन बसपा का प्रभाव कांग्रेस की छाया में गुम हो गया। बसपा नेता कहते हैं कि आखिरी मौके पर राज्य के वोटर्स दो दलों में बंट जाते हैं।

वहीं, आप का दावा है कि वे सभी सीटों पर लड़ेंगे तो औवेसी का फोकस 40 मुस्लिम सीटों पर दिखेगा। सीपीएम 10 सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा कर रही है। हालांकि, तीसरा मोर्चा संभावना रखता है, लेकिन एकता की कमी से उसकी मारक क्षमता कम दिखती है।

## इस बार मैदान में 88 पार्टियां

राजस्थान में इस बार राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय पार्टियों सहित 88 पार्टियां चुनाव मैदान में हो सकती हैं। राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय पार्टियों के अलावा शेष गैर मान्यता प्राप्त रजिस्टर्ड पार्टियां हैं जो इक्का-दुक्का सीटों पर चुनाव लड़ती हैं। राज्य में फिलहाल कांग्रेस, भाजपा, बसपा, सीपीएम और आप राष्ट्रीय पार्टी के तौर पर मैदान में होंगी। इसके अलावा निम्न दल गैर मान्यता प्राप्त रजिस्टर्ड दल के रूप में लड़ेंगे, अधिकांश पार्टियां मान्यता के लिए जरूरी न्यूनतम वोट प्रतिशत हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही हैं।

- अखिल भारत हिंदू महासभा
- ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी
- अखिल भारतीय आमजन पार्टी
- अनारक्षित समाज पार्टी
- अखंड समता पार्टी
- अंजुमन पार्टी
- अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया
- अभिनव राजस्थान पार्टी
- अंबेडकर समाज पार्टी
- असंख्य समाज पार्टी
- आरक्षण विरोधी पार्टी
- बहुजन संघर्ष दल
- भारतीय बहुजन पार्टी
- भारतीय पार्टी
- भारतीय जन हितकारी पार्टी
- भारतीय जन क्रांति दल
- भारतीय जनसत्ता पार्टी
- भारतीय किसान पार्टी
- भारत लोक सेवक पार्टी
- बहुजन मुक्ति पार्टी
- भारतीय पब्लिक लेबर पार्टी
- भारतीय रिपब्लिकन पक्ष
- भारतीय राष्ट्रवादी समानता पार्टी
- भारतीय ट्राइबल पार्टी
- भारत वाहिनी पार्टी
- भारतीय पंचायत पार्टी
- भारतीय युवा शक्ति
- कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (एमएल एल)
- दलित क्रांति दल
- दलित शोषित पिछड़ा वर्ग अधिकार दल
- गोंडवाना गणतंत्र पार्टी
- हिंद कांग्रेस पार्टी
- हिंदुस्तान जनता पार्टी
- हिंदुस्तान निर्मान दल
- हिंदुस्तान शक्ति सेना
- इंडियन इंदिरा कांग्रेस (आर)
- इंडिया न्यू कांग्रेस पार्टी
- इंडियन पीपल्स ग्रीन पार्टी
- इंकलाब विकास दल
- जन अधिकार पार्टी
- जनता वादी कांग्रेस पार्टी
- जागो पार्टी
- जनता सेना राजस्थान
- खुशहाल किसान पार्टी
- क्रांति जनशक्ति पार्टी
- लोकतांत्रिक जनता दल
- महाराणा क्रांति पार्टी
- मानवाधिकार नेशनल पार्टी
- नेशनल फ्यूचर पार्टी
- नया भारत पार्टी
- नेशनलिस्ट पीपल्स फ्रंट
- नेशनल यूनियनिस्ट जमींदारा पार्टी
- पंच पार्टी
- पीपल्स लिबरल पार्टी
- पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया
- प्रूटिस्ट सेव समाज
- राजस्थान जनता पार्टी
- राष्ट्रीय जनक्रांति पार्टी
- राष्ट्रीय अतुल्य युवा पार्टी
- राष्ट्रीय क्रांतिकारी समाजवादी पार्टी
- राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी
- राष्ट्रीय मजदूर किसान पार्टी
- रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया(ए)
- रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (रिफॉर्मिस्ट)
राष्ट्रीय सर्वजन विकास पार्टी
- राष्ट्रीय समाज पक्ष
- शिरोमणि अकाली दल
- सर्वधर्म पार्टी
- सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी
- सर्वशक्ति दल
- स्वराज इंडिया
- यूनाइटेड नेशनल पार्टी
- वेलफेयर पार्टी ऑफ इंडिया



## बिहाइंड द कर्टेन

### टिकटों की उल्टी गिनती शुरू, दिग्गजों की नींद उड़ी...

टू पार्टी स्टेट में टिकटों की सूची का काउंटडाउन शुरु हो गया है। यायावर को पुख्ता खबर है कि हाथ और फूल वाली दोनों ही पार्टियों में कई दिग्गजों के टिकट पर तलवार लटकी हुई है। फूल वाली पार्टी के पीढ़ी बदलो फार्मूले ने दिग्गजों की नींद उड़ाई हुई है। अंदरखाने की खबर है कि ए ग्रेड की सीटों के जरिए ही पार्टी इस फार्मूले को लागू कर रही है। ऐसे में बार-बार चुनाव में परचम लहराने वालों की सीट भी खतरे में पड़ गई हैं। किसी जमाने में यह दिग्गज दूसरों को टिकट की गारंटी देते थे अब खुद के टिकट को लेकर भी परेशान नजर आ रहे हैं। हालत यह है कि किसी को कोई अंदाजा नहीं है कि किसको आशीर्वाद मिलेगा और किसको वनवास। एक ही सूची ने बड़े घर के मंसूबे साफ कर दिए हैं। यही हाल कमोबेश हाथ का साथ चाहने वाले भाइयों के साथ भी है। यहां भी टिकटों को लेकर दिग्गज पार्टी के दिल्ली दरबार की तरफ टकटकी लगाए देख रहे हैं। उम्मीदवारों की पर्ची लिखी जा चुकी है लेकिन किसके नाम खुलेंगी वो तो वक्त ही बताएगा। फिलहाल तो दिग्गजों के धुकधुकी बनी हुई है। हाथ वाली पार्टी से यह भी खबर है कि मैसेज देने में माहिर भाई साहब की पूरी चवन्नी चल रही है। दूसरे भाइयों ने अपना पूरा जोर लगा लिया लेकिन भाई साहब से पार नहीं पा सके। अकेले भाईसाहब एक तरफ और प्रदेश के सारे भाई लोग एक तरफ। भारी भाईसाहब ही पड़ रहे हैं।ऐसे मे दूसरे खेमे के भाइयों की नींदें उड़ना तो लाजम ही है।

■ यायावर

## ई वॉर




## थड़ी पॉलीटिक्स

### चुनिंदा नेताओं को ही मिलेगा मेवा... कार्यकर्ता गया तेल लेने

**स्थान** टी-स्टॉल जगतपुरा, जयपुर

**समय** शाम 2:00 बजे

मौसम धीरे-धीरे ठंडा हो रहा है लेकिन चुनावी मौसम गर्म होता जा रहा है। दोनों बड़ी पार्टियों में टिकटों की रार मची है। उम्मीदवारों के नामों का इंतजार दावेदारों जितना ही उन्हें वोट देने वालों को भी है। कयासों के दौर जारी हैं। शहर की थड़ियों से लेकर गांवों के चौपालों तक अभी टिकट की चर्चा सबसे हॉट है। एक बार टिकट कन्फर्म हों तो चर्चा हार-जीत पर बढ़े। आम लोगों के बीच चल रही चर्चाओं और कयासों का जायजा लेने हम निकले तो जा पहुंचे जगतपुरा इलाके में एक चाय की थड़ी पर। "पांच साल तो कुछ करो-धरो मत, जब पार्टी किसी और को टिकट थमा दे तो 100-50 लोगों को ले जाकर हंगामा करो। इतने ही पार्टी के भक्त बनते थे तो अब भी पार्टी की मानो ना। खुद की कुर्सी खतरे में आई तो कैसे रंग-ढंग बदल लिए।" बात पहले से चल रही थी। मुद्दा था टिकटों के वितरण के बाद जगह-जगह चल रहा हंगामा। लोहे की स्टूल पर बैठे एक जने ने अपना नजरिया आगे किया तो सामने से जवाब आया-"पार्टी की तो कोई गलती नहीं है यार इसमें, पार्टी तो पूरा सर्वे करवाती है, जो जीतने लायक होता है उसको टिकट देती है। अब कोई नेता पूरे पांच साल तो खाली बैठा हो और बस इस बेस पर टिकट मांगे कि वो पुराना है तो ये तो गलत है।" जवाब आया तो सामने से तीसरी बात आई-"अरे तो जिसको टिकट देते हैं वो भी तो पहले से ही मलाई खा रहा कोई नेता होता है। पार्टियां बस कुछ लोगों को सैट करने में लगी रहती हैं। और जो असली काम करने वाला कार्यकर्ता है वो बस मीटिंगों का मैनेजमेंट करने में ही रह जाता है। उसको टिकट मिलने का टाइम आता है तो पुराने नेता ही बाजी मारते हैं।" बात सही थी, इसका समर्थन मंडली के चौथे सदस्य ने भी किया-"सही है, जो असली कार्यकर्ता है उसको तो कभी कोई टिकट मिलनी नहीं है। कइयों की तो पूरी उम्र निकल गई पार्टियों की सेवा करते करते, पर असली मेवा खाने वाले चुनिंदा ही हैं। और सबसे बड़ी बात कि अगर टिकट मिलने के बाद भी ये नेता चुनाव हारेंगे तो इनको पार्टी कहीं ना कहीं सैट कर देगी, कार्यकर्ता गया तेल लेने।" चाय खत्म हो चुकी थी। इसके साथ ही जाहिर है चर्चा भी पूरी हो चुकी थी।

## पॉली क्लिक्स



सचिन पायलट राजस्थान की राजनीति का बड़ा चेहरा हैं। कांग्रेस सरकार का पूरा कार्यकाल सचिन फैक्टर के चलते उठापटक से भरा रहा। दूसरी ओर, पायलट ने सोमवार को प्रादेशिक सेना में मेजर के पद पर प्रमोशन लेने के लिए लिखित परीक्षा दी। फिलहाल वे सिख रेजीमेंट टेरिटोरियल आर्मी में कैप्टन के पद पर हैं। कांग्रेस के टिकट वितरण की प्रक्रिया के दौरान पायलट एक सैनिक के रूप में अपनी योग्यता साबित करने का प्रयास करते नजर आए।

## पॉली टून




## चुनावी इतिहास के झरोखे से



■ गुलाब बत्रा, वरिष्ठ पत्रकार
gulabbatra@gmail.com

# एक नेता जिसने साइकिल पर प्रचार कर साधन सम्पन्न नेताओं से जीते चुनाव

देशी-विदेशी पक्षियों के कलरव से गुंजित भरतपुर का विश्वविख्यात केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान- जिसे लोकभाषा में 'घना' कहा जाता है। इस उद्यान की बाहरी सीमा के सामन आगरा-भरतपुर जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 अवस्थित है। उद्यान के मुख्य द्वार के निकट राजमार्ग के दूसरे किनारे पर विश्वप्रिय शास्त्री पार्क बना हुआ है। शास्त्री जी भरतपुर के पहले जिला प्रमुख थे जिन्हें 2 अक्टूबर 1958 को नागौर में तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू द्वारा देश में पंचायती राज के उद्घाटन समारोह में मंच साझा करने का सम्मान मिला था।

कांग्रेस पार्टी की ऐसी राजनीतिक हस्ती शास्त्री जी के मुकाबले समाजवादी नेता पं. राम किशन ने साइकिल से चुनाव प्रचार कर चुनाव जीतने में सफलता हासिल की। वर्ष 1952 प्रथम विधानसभा चुनाव में आयु की सीमा तथा सोशलिस्ट पार्टी के पदाधिकारी के नाते वे चुनाव मैदान में नहीं उत्तर सके।

"वैर-भुसावर-बयाना, बाप से बेटा सयाना" यह कहावत भरतपुर जिले में प्रसिद्ध है। वर्ष 1957 में वैर विधानसभा क्षेत्र में नदबई बयाना का कुछ हिस्सा सम्मिलित था। दो सदस्यीय निर्वाचन क्षेत्र में एक सीट अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित थी। पूर्व राज परिवार के मानसिंह निर्दलीय तथा विश्वप्रिय शास्त्री कांग्रेस प्रत्याशी थे। सोशलिस्ट पार्टी के पं. राम किशन सामान्य सीट और नत्थासिंह रिजर्व सीट से चुनाव लड़ रहे थे। उनका चुनाव चिन्ह बड़ का पेड़ था।

पंडित रामकिशन चुनाव मैदान में तो उतर गए लेकिन कोई साधन नहीं था। सरदार बख्तावर सिंह ने उन्हें साइकिल दी जिसमें नत्था सिंह ने टायर डलवाया। दोनों चुनाव प्रचार पर निकलते, नत्थासिंह साइकिल चलाते और पंडितजी पीछे बैठते। उन दिनों मतदान दल





एक-एक मतदान केन्द्र पर मतदान कराते थे, फिर अगले दिन दूसरे स्थान पर मतदान होता। चुनाव से आठ दिन पहले नत्थासिंह का चुनाव चिन्ह बदल दिया गया। अपील पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। राजा मानसिंह चुनाव जीत गए। विश्वप्रिय शास्त्री दूसरे तथा पं. रामकिशन तीसरे स्थान पर रहे।

अब आया वर्ष 1962 का विधानसभा चुनाव। इस बार मुकाबला शास्त्री जी और पंडित जी में था। पंडित जी फिर साइकिल से चुनाव प्रचार में जुटे थे और नोशलिस्ट पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी होने के नाते अन्य प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार में भी जाते। एक रोज वह छोकरवाड़ा बस से उतरे तो सामने विश्वप्रिय शास्त्री समर्थकों एवं सरपंचों के साथ दिखाई दिए।

शास्त्रीजीने पूछा कि पंडितजी चुनाव नहीं लड़ रहे हो क्या, आप मैदान में दिखाई नहीं देते। पंडित जी का जवाब था कि मैं पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करके लौटा हूं और अब अपने क्षेत्र में जाऊंगा। शास्त्री जी ने एकांत में पंडित जी से पूछा कि आपके पास साधन नहीं है तब भी चुनाव जीतते हो। पंडितजी ने उन्हें राज की बात बताई। आप सरपंचों से घिरे रहते हैं जिनके रवैये से जनता नाराज रहती है। बकौल पंडित जी गुस्सैल शास्त्री जी ने समर्थक सरपंचों को खरी खोटी सुनाई। इससे नाराज समर्थकों ने भीतरखाने पंडित रामकिशन को चुनाव जिताने में मदद की। वर्ष 1965 में निर्वाचित जिला प्रमुख पंडित जी 1979 तक इस पद पर रहे। वह 1972 में वैर से कांग्रेस प्रत्याशी उषा प्रकाश से पराजित हुए। बाद में वैर अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हो गया। जगन्नाथ पहाड़िया ने प्रतिनिधित्व किया।

## जगत जननी के बिना भगवान शिव भी हैं 'शव मात्र'

# समस्त सृष्टि की ऊर्जा हैं मां दुर्गा



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार



*"नवरात्रों का आयोजन अश्विन मास के शुक्ल पक्ष में किया जाता है। शुक्ल पक्ष घटते अंधकार या अज्ञान का प्रतीक है, वहीं कृष्ण पक्ष बढ़ते अंधकार और अज्ञान का प्रतीक है। प्रति माह उत्सर्जित और विलोपित होने वाले यही दोनों पक्ष जीवन के सकारात्मक और नकारात्मक पक्ष की प्रवृत्तियां हैं। प्रकृति से लेकर जीवन में हर जगह अंतर्विरोध व्याप्त है। इन्हीं विरोधाभासी पक्षों में सामंजस्य बिठाने का काम दुर्गा के बहुआयामी रूप करते हैं। मार्कंडेय पुराण में प्रकाश और ऊर्जा के बारे में कहा गया है कि 'देवों ने एक प्रकाश पुंज देखा, जो एक विशाल पर्वत के समान प्रदीप्त था। उसकी लपटों से समूचा आकाष भर गया था। फिर यह प्रकाष पुंज एक पिंड में बदलता चला गया, जो एक शरीर के रूप में अस्तित्व में आया।"*

*ऊर्जा के इस प्रवाह से नकारात्मक ऊर्जा सकारात्मक ऊर्जा में परिवर्तित होने लग गई। मुखों से उत्सर्जित इन ऊर्जा रूपी लपटों ने एक पर्वत का आकार ग्रहण कर लिया। इसी पर्वत से कात्यायनी प्रकट हुईं। दुर्गा का यही रूप महिषासुर मर्दिनी कहलाया। लीला भाव में यही दुर्गा चार पैरों के राजा सिंह की पीठ से टिककर खड़ी हैं। सिंह भी क्रूर शक्ति का प्रतीक है, लेकिन उसे वश में कर लिया गया है। देवी अराजक महिष के शरीर को रौंद रही हैं। उनका एक पैर असुर के सिर पर है।*

भारत में देवी की पूजा वैदिक युग में ही आरंभ हो गई थी। ऋग्वेद के देवी सूक्तम में सभी देवताओं की आंतरिक शक्ति की बात कही गई है, जो ऊर्जा की प्रतीक है। हरिवंश पुराण में कालरात्रि, निद्रा और योगमाया के समन्वित रूपों के बारे में बताया है कि जब भगवान विष्णु नींद में होते हैं, तब देवी दुर्गा ही विश्व की सुरक्षा करती हैं। इसीलिए देवी कालरात्रि की काया का रंग घने अंधकार की तरह काला है और सिर के बाल बिखरे हुए है। गले में बिजली की तरह चमकने वाली माला डली है। इनकी तीन आंखें हैं। तीनों नेत्र ब्रह्मांड के सामान अंडाकार हैं। इन चक्षुओं से तीव्र विद्युत की किरणें निरंतर प्रवाहित होती रहती है। जो अक्षय ऊर्जा की द्योतक हैं। यही ऊर्जा सृष्टि में फैली हुई है। इसी ऊर्जा में भगवान शिव का अर्धनारीश्वर रूप दृष्टिगोचर होता रहता है। इस रूप के स्त्री रूप से शरीर विज्ञान सम्मत मानव संरचना में एक्स तत्व से है और पुरुष रूप में वाय तत्व से है। अर्थात यह रूप स्त्री-पुरुष में समानता जताता है। भारतीय वांग्मय में काम-ऊर्जा को सबसे शक्तिशाली ऊर्जा माना गया। इसीलिए पुरुष में जब वाय गुणसूत्र की अधिकता होती है तो पुरुष और स्त्रीयोचित गुण एक्स की अधिकता होती है तो स्त्री का जन्म होता है।

दैवीय शक्तियां वे हैं, जो मनुष्य के अनुकूल हैं, अर्थात फलदायी हैं और आसुरी शक्तियां वे हैं, जो मनुष्य के प्रतिकूल हैं, अर्थात उसे हानि पहुंचाने में समर्थ हैं। नवरात्रों का आयोजन दो ऋतुओं की परिवर्तन की जिस वेला में होता है, वह इस बात का द्योतक है कि जीवन में बदलाव की स्वीकार्यता अनिवार्य है। नवरात्रों का आयोजन अश्विन मास के शुक्ल पक्ष में किया जाता है। शुक्ल पक्ष घटते अंधकार या अज्ञान का प्रतीक है, वहीं कृष्ण पक्ष बढ़ते अंधकार और अज्ञान का प्रतीक है। प्रति माह उत्सर्जित और विलोपित होने वाले यही दोनों पक्ष जीवन के सकारात्मक और नकारात्मक पक्ष की प्रवृत्तियां हैं। प्रकृति से लेकर जीवन में हर जगह अंतर्विरोध व्याप्त है। इन्हीं विरोधाभासी पक्षों में सामंजस्य बिठाने का काम दुर्गा के बहुआयामी रूप करते हैं।

मार्कंडेय पुराण में प्रकाश और ऊर्जा के बारे में कहा गया है कि 'देवों ने एक प्रकाश पुंज देखा, जो एक विशाल पर्वत के समान प्रदीप्त था। उसकी लपटों से समूचा आकाश भर गया था। फिर यह प्रकाश पुंज एक पिंड में बदलता चला गया, जो एक शरीर के रूप में अस्तित्व में आया। फिर वह कालांतर में एक स्त्री के शरीर के रूप में आश्चर्यजनक ढंग से परिवर्तित हो गया। इससे प्रस्फुटित हो रही किरणों ने तीनों लोकों को आलोकित कर दिया। प्रकाश और ऊर्जा का यही समन्वित रूप आदि शक्ति या आदि मां कहलाईं। छान्दोग्य उपनिशद में कहा गया है कि 'अव्यक्त से उत्पन्न तीन तत्वों अग्नि, जल और पृथ्वी के तीन रंग सारी वस्तुओं में अंतर्निहित हैं। अतः यही सृष्टि और जीवन के मूल तत्व हैं। अतएव प्रकृति की यही ऊर्जा जीवन के जन्म और उसकी गति का मुख्य आधार है।' इस अवधारणा से जो देवी प्रकट होती है, वही देवी महिशासुर मर्दिनी है।

इसे ही पुराणों में ब्रह्माण्ड की मां कहा गया है। इसके भीतर सौंदर्य और भव्यता, प्रज्ञा और शौर्य, मृदुलता और शांति विद्यमान हैं। चरित्र के इन्हीं उदात्त तत्वों से फूटती ऊर्जा इस देवी के चेहरे को प्रगल्भ बनाए रखने का काम करती है। ऋषियों ने इसे ही स्त्री की नैसर्गिक आदि शक्ति माना है और फिर इसी का दुर्गा के नाना रूपों में मानवीकरण किया है। उपनिषदों में इन्हीं विविध रूपों को महामाया, योगमाया और योग निद्रा के नामों से चित्रित व रेखांकित किया गया। इनमें भी महामाया को ईश्वर या प्रकृति की सर्वोच्च सत्ता मानकर विद्या एवं अविधा में विभाजित किया गया है। विद्या व्यक्ति में आनंद का अनुभव कराती हैं, जबकि अविद्या सांसरिक इच्छाओं और मोह के जंजाल में जकड़ती है। विद्या को ही योगमाया या योगनिद्रा के नामों से जाना जाता है। योगमाया सृष्टि की वैश्विक व्यवस्था का प्रतीक है, जबकि योगनिद्रासृष्टा की समाधि की अवस्था में आई निद्रा है। यह स्थिति चेतन अवस्था से अंधकार के क्षेत्र में प्रवेष को दर्शाती है, जो प्रलय की भी द्योतक है। अंततः यही आदि शक्तियां क्षीर सागर में शेषशय्या पर लेटे भगवान नारायण, नारायण यानी जल में निवास करने वाले विष्णु को चेताती हैं कि समाधि के शून्य-भाव से जागो और अंधकारमयी विरोधी ताकतों से ब्रह्माण्ड को मुक्त कराओ। देवी की प्रकृति रूपी यही अवस्थाएं सत्व, रज और तम गुणों में रूपांतरित होकर सृष्टि को संतुलित बनाए रखने का काम करती हैं। इसीलिए देवी को आद्य या असाधारण शक्ति कहा गया है। विश्व की इस जननी के बिना शिव भी 'शवमात्र हैं।

जब ब्रह्मांड में ऊर्जा का विघटन होता है तो आसुरी शक्तियां जागृत हो जाती हैं। ऊर्जा जब अव्यवस्थित हो जाती है, तब ध्वंसात्मक स्थितियों का निर्माण होता है। आज विध्वंसकारी वैज्ञानिक प्रयोगों के चलते दुनियाभर में ऊर्जा का ध्वंसात्मक रूप दिखाई दे रहा है। अराजक बनता यही परिवेश नकारात्मक यानी आसुरी ऊर्जा को बढ़ाता है। इस ऊर्जा को अक्षुण्ण बनाए रखने का काम ब्रह्मा, विष्णु, महेश करते हैं। देवी महात्म्य में कहा भी गया है कि देव और असुरों के बीच जब महायुद्ध हुआ तो वह सौ दिन तक चला। इस समय राक्षस महिष असुरों का राजा था और इंद्र देवताओं के अधिपति थे। इस संघर्ष में असुरों ने देवताओं का परास्त कर दिया। फलतः महिष देवों का भी सम्राट बन बैठा।

पराजित देवता प्रजापति ब्रह्मा के नेतृत्व में विष्णु व शिव के पास गए। उन्होंने युद्ध और फिर पराजय का दुखद वृत्तांत विष्णु व शिव को सुनाया। इसे सुनकर दोनों आक्रोश से लाल हो गए। विष्णु ने मुख खोला और उससे तीव्र गति से अक्षय ऊर्जा बाहर आई। ऐसा ही रोष ब्रह्मा और शिव ने ऊर्जा के रूप में मुख से प्रकट किया। इंद्र के शरीर से भी ऊर्जा का प्रस्फुटन हुआ। अन्य देवों ने भी अपने-अपने मुखों से ऊर्जा छोड़ी। ऊर्जा के इस प्रवाह से नकारात्मक ऊर्जा सकारात्मक ऊर्जा में परिवर्तित होने लग गई। मुखों से उत्सर्जित इन ऊर्जा रूपी लपटों ने एक पर्वत का आकार ग्रहण कर लिया। इसी पर्वत से कात्यायनी प्रकट हुईं। दुर्गा का यही रूप महिषासुर मर्दिनी कहलाया। लीला भाव में यही दुर्गा चार पैरों के राजा सिंह की पीठ से टिककर खड़ी हैं। सिंह भी क्रूर शक्ति का प्रतीक है, लेकिन उसे वश में कर लिया गया है। देवी अराजक महिष के शरीर को रौंद रही हैं। उनका एक पैर असुर के सिर पर है। महिष शक्तिशाली तो है, लेकिन उसका आचरण क्रूर है, इसलिए वह ब्रह्माण्ड के आध्यात्मिक आधार के अनुकूल नहीं है। यही कारण है कि कात्यायनी महिष को पददलित कर उसके अहंकार को चूर कर देती हैं। महिष के प्राण हरने के बाद कात्यायनी महिषासुर-मर्दिनी कहलाती हैं। इसीलिए इन्हें ब्रह्माण्ड की जननी कहा गया, जो पृथ्वी का प्रतीक है। ब्रह्माण्ड के अस्तित्व का यही बीज है। प्रकृति के इन्हीं रूपों का मानवीकरण करते हुए ऋग्वेद में कहा है कि 'ज्ञान के सभी विषय और क्रियाकलाप अंततः देवी के रूप हैं।' सृष्टि सृजन के आरंभ से लेकर अब तक नारियां मां का रूप हैं। नारी के मातृत्व की डिंब में स्थित इस ऊर्जा को प्रजापति ब्रह्मा ने स्वयं विभाजित करके मानव के अस्तित्व को सृजित किया था। वह नारी ही है, जो अपनी ऊर्जा से मनुष्य को मनुष्यतत्व प्रदान करती है। साफ है, भगवती दुर्गा मूल प्रकृति का वह रूप हैं, जिसमें समस्त शक्तियां समाहित हैं।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

---

**व्यंग्य**

# करो कम... फैलाओ ज्यादा!



सुरेश सौरभ
व्यंग्यकार

पुराने दिनों बात है। उन दिनों 'कर्म ही पूजा है' के सिद्धांत को मजबूती से अपनी गांठ में बांधकर बड़ी कर्मठता, ईमानदारी से, मैं अपना कार्य किया करता था। लेकिन फिर भी लोगों की मेरे प्रति, यह गलत धारणाएँ बनी हुईं थीं कि मैं अपने कर्म के प्रति उदासीन रहता हूं, हीलाहवाली करता हूं, ऐसी रोज अनेक मेरी शिकायतें बॉस से हुआ करती थीं। आए दिन बॉस की डांट मुझ पर पड़तीं रहती थी। मैं बहुत परेशान रहता था। क्षुब्ध रहता था।

घर में पत्नी बच्चों की किचकिच से बचकर जब ऑफिस आओ, तो बेवजह बॉस की झांड़ सुनो, मेरी जिंदगी किसी बड़ी पार्टी से निकाले गये, उस नेता जैसी हो गई थी, जिसे लाख कोशिशों के बाद भी उसे कोई मंजिल न मिल रही हो,कोई सही ठौर-ठिकाना न मिल रहा हो, कोई पुरसाहाल न हो। क्या करूं? क्या न करूं? मेरी दशा चिड़ियाघर में कैद बेचारे निरीह निरुपाय जीव जैसी हो गई थी। हमेशा सोचता रहता था, कैसे अपनी जहन्नुम हो चुकी जिंदगी को जन्नत बनाऊं।

फिर एक दिन अचानक परमात्मा की मुझ पर असीम कृपा हुई। हर समस्या का समाधान चुटकियों में हल करने वाले, एक संत जी सोशल मीडिया के दरवाजे पर दिखे, उनसे फोन पर रो-गाकर अपनी सारी व्यथा बताई ,तब उन्होंने मिलने के लिए, परामर्श से समाधान के लिए, अपनी ऑनलाइन फीस बताई। मैंने तुरत-फुरत उनकी फीस जमा कर दी। उनसे मिलने का ऑपाइंटमेंट लिया। फिर ढेर सारे फल, मेवा, मिष्ठान आदि लेकर, नियत स्थान, नियत तिथि, नियत समय, संत जी के आश्रम पहुंच गया। संत जी उर्फ बाबा जी ने मुझे अपने एकांत केबिन बुलवाया। मेरी समस्या ध्यान से सुनी। फिर मुझे खूब समझाया। काउंसलिंग की। फिर मुझे परमार्थ करने के अनेक पुण्य बताते हुए, मेरे कान में कुछ मंत्र फूंकें। जिन्हें अपने तक ही सीमित रखने का आदेश दिया। मैं उनके बताए नेक मार्ग पर चलने लगा। फिर मुझे संत जी के मंत्रों और टोटकों से बहुत लाभ होने लगा। घर से लेकर ऑफिस तक, अपनी फुल बॉडी के अंदर से लेकर बाहर तक, मुझे गुड फील होने लगा। जिंदगी मंगलमय आनंदमय में बीतने लगी। अगर अन्य लोगों से संत जी के मंत्रों की चर्चा करूंगा, तो उन मंत्रों का असर मेरे जीवन से जाता रहेगा। लिहाजा फिर भी मेरा मन नहीं मान रहा है। अपने दिल पर बड़ा सा पत्थर रखकर, एक मंत्र मैं आप से शेअर किए ले रहा हूँ। ...काम करो कम फैलाओ ज्यादा, जी हां इसके आगे और न बताऊंगा। यूं समझो बॉस की चापलूसी करते हुए ...करो कम फैलाओ ज्यादा तथा संत जी के अन्य टोटकों से अपना जीवन सुखमय और शांतिपूर्वक बीता रहा हूं। खुशी और मस्ती से राग मल्हार गाते हुए अब अपने दिन सोने जैसे सुनहरे, रातें चांदी जैसी, चांदनी जैसी चम-चम चमकाने लगी हैं।

---

X



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
भारत जोड़ो यात्रा ने भारत के विचार का जश्न मनाया, जहां हमारे देश की विविध भाषाओं, धर्मों, संस्कृतियों और परंपराओं का सम्मान और संरक्षण किया जाता है।



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
हल, जल, पहल ! किसान के हल को जल से बल देने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे की गरिमामयी उपस्थिति में ईआरसीपी जन जागरण अभियान का शुभारंभ किया।



**वसुंधरा राजे,** पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान
@VasundharaBJP
मानवता के संतुलित विकास के लिए जरूरी है कि प्रत्येक मनुष्य का सर्वांगीण उन्नयन हो तथा उसे स्वस्थ जीवन यापन के लिए सुगमता से संतुलित व पौष्टिक आहार मिलें।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
जब आप कहते हैं, 'मेरा जीवन मेरा कर्म है,' तो आप कह रहे हैं, 'मेरा जीवन मेरा निर्माण है।' यह अस्तित्व का सबसे गतिशील तरीका है।



**अरुण गोविल,** अभिनेता
@arungovil12
स्पष्ट और सीधी बात करने वाले व्यक्ति की वाणी कठोर अवश्य होती है, किन्तु ऐसे व्यक्ति किसी के साथ छल नहीं करते।



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
अपने पारस्परिक व्यवहार में, हमें कुछ साबित करने की आवश्यकता से ऊपर उठना होगा और एक-दूसरे के साथ बहुत गहरे स्तर पर जुड़ना होगा।

---


## नॉलेज कॉर्नर: बिजली से पहले पानी से चलते थे पंखे

# फिलिप ने किया सीलिंग फैन का आविष्कार

गर्मियों में आमजन को राहत देने वाला और सबसे अधिक उपयोग में लिया जाने का वाला इलेक्ट्रॉनिक आइटम है पंखा। लेकिन अधिकतर लोग पंखे के अविष्कार और उसकी खोज करने वाले वैज्ञानिक के बारे में नहीं जानते हैं। पंखे का सबसे पहले आविष्कार शूयलर स्काट्स व्हीलर ने 1882 में किया था। लेकिन यह छत पंखा नहीं था यह एक टेबल पंखा था। छत के पंखे का आविष्कार फिलिप दीहल ने सिलाई मशीन की मोटर पर पंखे के पर लगाकर किया था। आज के नॉलेज में विस्तार से जानते हैं छत के पंखे यानी सीलिंग फैन के बारे में...

### 1882 में बिजली चलित पंखे का आविष्कार

बिजली चलित पंखे का आविष्कार वर्ष 1882 में "शूलर एस व्हीलर" ने किया था। वो एक अमेरिकी इंजीनियर और वैज्ञानिक थे। उनके पिता का नाम जेम्स एडविन था जो कि न्यूयॉर्क शहर के जाने माने वकील थे। शूलर ने महान आविष्कारक थॉमस अल्वा एडिसन की वर्कशॉप में भी बतौर सहायक इंजीनियर कार्य किया था। सीलिंग फैन का आविष्कार फिलिप दीहल ने 1889 को किया गया था। फिलिप दीहल जर्मन के निवासी थे, लेकिन अपने कार्यों के लिए हमेशा अमेरिका जाना पड़ता था। इसलिए वह जर्मन अमेरिकन मैकेनिकल इंजीनियर कहलाते है। हालांकि पंखो को 1860 से ही उपयोग किया जाता था, लेकिन वह पंखे बिजली से नहीं, बल्कि पानी से चलते थे। ये पानी से चलने वाला पंखा बहुत ही ज्यादा महंगा होता था ,इस कारण से बिजली के पंखों का निर्माण किया गया। फिलिप दिहल ने सीलिंग फैन के साथ सिलाई मशीन और इलेक्ट्रिक मोटर भी बनाया गया था।



### भारत में निर्माण

भारत में पहला प्रसिद्ध सीलिंग फैन 17 वीं शताब्दी में पाया गया था। यह पंखे जैसा उपकरण ताड़ के पत्तों या कपड़े से बनाया जाता था और छत से लटका दिया जाता था। इंडियन इलेक्ट्रिक वर्क्स ने 1930 तक भारत में पहले सीलिंग पंखे का निर्माण किया। क्रॉम्पटन ग्रीव्स, भारत के ग्रीव्स कॉटन और इंग्लैंड के क्रॉम्पटन पार्किंसन के बीच एक संयुक्त उद्यम, 1937 से सीलिंग पंखे का निर्माण कर रहा था। क्रॉम्पटन ग्रीव्स सीलिंग फैन कंपनी की स्थापना 1878 में कर्नल बीईएम क्रॉम्पटन द्वारा की गई थी और इसका मुख्यालय मुंबई, महाराष्ट्र में है।

### ऐसा होता है डिजाइन

*पंखा एक मैकेनिकल इलेक्ट्रिक युक्ति है। सीलिंग फैन में एक कॉपर वाइंडिंग की मोटर और 3 से 4 ब्लैड्स होती है। ब्लेड्स की डिज़ाइन इस तरह से होती है कि घूमने पर उनके निचे हवा का दबाव बनता है। ब्लेड्स हवा को पूरे कमरे में फेंखती है। पंखे में इसको पीतल, एल्यूमीनियम, लोहा, इत्यादि से बनाया जाता है।*

कंटेंट: श्रवण भाटी






## छत्तीसगढ़: पूर्व सीएम रमन सिंह समेत भाजपा के चार प्रत्याशियों ने किया नामांकन दाखिल

# सभा में बरसे शाह, बघेल सरकार ने भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं किया

**एजेंसी** | रायपुर/ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की सूची जारी होने के साथ ही राज्य में सियासी घमासान तेज हो गया है। राज्य में प्रथम चरण के मतदान के लिए नामांकन जारी हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को भाजपा नेता व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नामांकन के मौके पर राजनांदगांव पहुंचे और वहां पार्टी की एक चुनाव सभा को संबोधित किया। शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पांच सालों में कुछ नहीं किया। केवल भ्रष्टाचार किया है। छत्तीसगढ़ के भ्रष्टाचार का मार्ग सीधे दिल्ली तक जाता है।



छत्तीसगढ़ में इसका एटीएम है। शाह ने लोगों से कहा कि आप छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाइए। उसके बाद भ्रष्टाचार करने वालों को उल्टा लटकाकर सजा देंगे। भ्रष्टाचारियों से पाई-पाई वसूलेंगे।

उन्होंने कहा कि शाम को मोदीजी को जाकर बताऊंगा कि छत्तीसगढ़ में तीन दिसंबर को कमल खिलने वाला है। इससे पूर्व शाह, रमन सिंह सहित तीन अन्य भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन दाखिले में शामिल हुए।

शाह ने अविभाजित मध्य प्रदेश से लेकर छत्तीसगढ़ की पहली कांग्रेस सरकार के कामों की तुलना पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह के 15 वर्षों के कार्यकालों से करते हुए कहा , मैं छत्तीसगढ़ के लोगों को याद दिलाने आया हूं कि इस राज्य का निर्माण हमारे प्रिय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने किया था। कांग्रेसी शासन के दौरान पुराना मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ बीमारू राज्य की श्रेणी में आते थे. लेकिन जब यहां डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में हमारी सरकार बनी, तो 15 वर्ष में इस बीमारू राज्य को विकसित बनाने का काम किया गया।

### कांग्रेस सत्ता में आई तो 'तुष्टीकरण' व वोट बैंक की नीति रहेगी जारी

शाह ने कहा, भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार और अपराध का गढ़ बना दिया है। यदि कांग्रेस छत्तीसगढ़ में सत्ता में फिर से आती है तो वह 'तुष्टीकरण' और 'वोट बैंक' की राजनीति जारी रखेगी। उन्होंने राज्य में कथित रूप से हुए विभिन्न घोटालों का जिक्र करते हुए कहा कि मैंने अपने सार्वजनिक जीवन में घोटालों की इतनी बड़ी सूची नहीं देखी। शाह ने कहा कि आगामी चुनाव किसी सरकार या विधायक को चुनने के लिए नहीं बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक सुनहरा भविष्य बनाने के लिए है। एक-एक वोट छत्तीसगढ़ के सुनहरे भविष्य को बनाने में योगदान देगा। उन्होंने शराबबंदी समेत अपने चुनावी वादों को पूरा नहीं करने को लेकर भी बघेल सरकार पर निशाना साधा।

### बिरनपुर हिंसा पर उठाए सवाल

केंद्रीय गृह मंत्री ने बेमेतरा जिले के बिरनपुर गांव में हुई सांप्रदायिक हिंसा को लेकर भूपेश बघेल सरकार पर हमला बोला और लोगों से पूछा कि क्या वे चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ फिर से सांप्रदायिक दंगों का केंद्र बने। भाजपा ने तय किया है कि हम भुवनेश्वर साहू के हत्यारों को उनके अंजाम तक पहुंचाएंगे और इसके प्रतीक के तौर पर उनके पिताजी ईश्वर साहू को हमने चुनाव के मैदान में उतारा है।

### टिकट कटा तो समर्थक बैठे धरने पर

भाजपा नेता व पूर्व मंत्री गणेश राम भगत के समर्थक जशपुर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी के उम्मीदवार को बदलने की मांग को लेकर शनिवार शाम से रायपुर में पार्टी के प्रदेश कार्यालय के बाहर धरना दे रहे हैं। भाजपा ने जशपुर सीट (अजजा) से जशपुर जिला पंचायत की महिला सदस्य रायमुनी भगत को मैदान में उतारा है। इसके विरोध में भगत के समर्थक शनिवार को तीन बसों में सवार होकर रायपुर पहुंचे और पार्टी के राज्य कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए।

### ठाकरे गुट ने समाजवादियों से मिलाया हाथ



**मुंबई**। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना(यूबीटी) ने होने वाले लोकसभा चुनाव और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए राज्य की सोशलिस्ट पार्टियों संग का गठबंधन किया है। यह गठबंधन अगले साल होने वाले नगर निकाय चुनावों के मद्देनजर भी महत्वपूर्ण है, जिसमें बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) भी शामिल है। शिवसेना में टूट होने के बाद इस चुनाव को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बांद्रा के एमआईजी क्लब में आयोजित 21 समाजवादी राजनीतिक दलों, समूहों और संबद्ध संगठनों की बैठक में उद्धव ठाकरे ने कहा कि, कैडर बहुत महत्वपूर्ण है और अगर राजनीतिक दलों के पास कैडर है तो डरने की कोई बात नहीं है।

### जद एस में रार इब्राहिम का राजग में जाने से इनकार

**बेंगलुरु**। भाजपा के साथ गठबंधन करने को लेकर जनता दल सेक्युलर (जदएस) में कलह होने के संकेत मिल रहे हैं। कर्नाटक प्रदेश जदएस के प्रमुख सी.एम. इब्राहिम ने कहा कि भाजपा नीत राजग में जदएस शामिल नहीं होगी। उन्होंने कहा, मैं कर्नाटक जदएस का अध्यक्ष हूं। मैं भाजपा के साथ गठबंधन नहीं करूंगा। ऐसे में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' है। हम इनके साथ बात करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि हम जदएस और भाजपा के गठबंधन को नहीं मानते क्योंकि असली पार्टी हम हैं। दरअसल हाल ही में पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा की जदएस और भाजपा ने गठबंधन का ऐलान किया है।

## मिजोरम: राहुल का चुनावी शंखनाद, PM मोदी पर साथा निशाना

# पीएम मोदी को मणिपुर से ज्यादा इजराइल की चिंता

**एजेंसी** | आइजोल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को मिजोरम में पार्टी के चुनाव अभियान का बिगुल फूंका। राज्य के गठन के बाद कई सालों तक मिजोरम में सत्ता में रही कांग्रेस सत्ता में वापसी के लिए संघर्ष कर रही है।

राहुल ने अपने दो दिवसीय दौरे के पहले दिन राजधानी आइजोल में एक विशाल पदयात्रा निकाली। इस दौरान कांग्रेस समर्थकों और लोगों ने उनका जोरदार स्वागत भी किया। इससे पहले राहुल गांधी ने राजभवन के नजदीक एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, मणिपुर अब एक राज्य नहीं रह गया है, बल्कि जातीय आधार पर दो राज्यों में बंट गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें इजराइल की ज्यादा चिंता है। लेकिन मणिपुर में क्या हो रहा है, उसकी कोई चिंता नहीं।



भाजपा सिर्फ नफरत फैलाने का काम कर रही है। कांग्रेस ने 1986 में शांति समझौते पर हस्ताक्षर कर विद्रोह प्रभावित पूर्वोत्तर राज्य में शांति स्थापित करने की पहल की थी। उन्होंने कहा, मैं कुछ महीने पहले मणिपुर गया था। भाजपा ने मणिपुर के विचार को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है। वहां के लोगों की हत्या की जा रही हैं, महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया जा रहा है। यहां तक की छोटे बच्चों को भी मारा जा रहा है। मणिपुर केवल समस्या का एक लक्षण है। ऐसी समस्याएं देश के विभिन्न क्षेत्रों में छोटे-छोटे रूप में देखने को मिलता है।

### भाजपा ने किया युवाओं के जीवन को नष्ट

राहुल गांधी ने भाजपा पर मिजोरम के युवाओं का जीवन नष्ट करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, मैं आपलोगों को बताना चाहता हूं कि भाजपा ने यहां पांच सालों में क्या किया। आने वाले पीढ़ी के लिए यहां ड्रग्स तेजी से बढ़ रही है। इससे करीबन 250 युवा जिंदगियां खत्म हो गई। ड्रग्स की वजह से बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। जहां भाजपा आपके संस्कृति, धर्म और परंपरा पर हमला कर रही है, तो वहीं एमएनएफ दिल्ली में इसका समर्थन कर रहा है।

### भारत जोड़ो ने बढ़ाया प्रेम

राहुल गांधी ने अपने भारत जोड़ो यात्रा का महत्व बताते हुए कहा कि भारत जोड़ो के विचार ने देश में परस्पर सम्मान, सहनशीलता, एक-दूसरे के विचारों से सीखना और एक दूसरे के प्रति प्रेम को बढ़ावा दिया है। यह वह विचार है, जिसे भाजपा वर्तमान में चुनौती दे रही है। भाजपा विभिन्न समुदायों, धर्मों और संस्कृतियों के बीच हिंसा और अहंकार को बढ़ावा दे रही है।

### कांग्रेस ने घोषित किए 39 उम्मीदवार





**आइजोल/नई दिल्ली।** कांग्रेस ने 40 सदस्यीय मिजोरम विधानसभा के अगामी चुनाव के लिए 39 उम्मीदवारों की सूची सोमवार को जारी कर दी है। पार्टी ने सिर्फ लुंगलेई साउथ सीट पर प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। मिजोरम में वर्तमान में मिजो नेशनल फ्रंट की सरकार है। कांग्रेस ने मुख्यमंत्री जोरमथंगा की आइजोल पूर्व-1 सीट से लालसांगलुरा राल्ते को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने उम्मीदवारों की यह सूची ऐसे समय जारी की है, जब पार्टी के नेता राहुल गांधी मिजोरम के दौरे पर थे। राज्य में एक ही चरण में 7 नवंबर को मतदान होगा। मिजोरम विधानसभा का कार्यकाल 17 दिसंबर को खत्म हो रहा है। कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष पीसी ललसावता को आइजोल पश्चिम-3 विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया है। आइजोल पश्चिम-1 से आर. ललबियाकथांगा और पलाक से आईपी जूनियर को उम्मीदवार बनाया गया है। पूर्वोत्तर के इस राज्य में मिजो नेशनल फ्रंट सत्ता में है। पिछले विधानसभा चुनाव में मिजो नेशनल फ्रंट ने 26 सीटें जीती थीं। जोराम पीपुल्स मूवमेंट को आठ और कांग्रेस को पांच सीटें हासिल हुई थीं। एक सीट पर भाजपा विजयी रही थी। राज्य में मुख्य मुकाबला एमएनएफ, जेडपीएम, कांग्रेस और भाजपा के बीच होने की उम्मीद है।

### आप मिजोरम में लड़ेगी चुनाव



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने सोमवार को घोषणा की कि वह पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम में विधानसभा चुनाव लड़ेगी। पार्टी के उत्तर-पूर्वी राज्यों के प्रभारी राजेश शर्मा ने कहा कि आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में रविवार को हुई बैठक के दौरान संगठन का विस्तार करने और पूर्वोत्तर राज्यों में चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक विस्तार के लिए एक समन्वय समिति और एक उत्तर-पूर्व सेल का गठन किया जाएगा। पूर्वोत्तर में लोग शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, मुद्रास्फीति और बेरोजगारी से संबंधित मुद्दों से जूझ रहे हैं और उनका मानना है कि आम आदमी पार्टी इन समस्याओं का समाधान प्रदान कर सकती है। उन्होंने कहा कि राज्य समिति जल्द ही उन सीटों की संख्या और निर्वाचन क्षेत्रों के नामों की घोषणा करेगी, जहां से वह चुनाव लड़ेगी।

## BRS के घोषणा पत्र से कांग्रेस में बेचैनी

# कांग्रेस कर सकती है 10 ग्राम सोना व एक लाख रु. देने की घोषणा

**एजेंसी** | हैदराबाद

तेलंगाना में विधानसभा चुनाव को लेकर सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समित (बीआएस) द्वारा रविवार को जारी चुनाव घोषणा पत्र से कांग्रेस के खेमे में सरगर्मी बढ़ गई है। बीआरएस ने अपने घोषणा पत्र में लोगों से कई लोकलुभावन वादे किए हैं। राजनीतिक सूत्रों के अनुसार कांग्रेस बीआरएस की घोषणों को देखते हुए इससे आगे बढ़कर कई घोषणाएं कर सकती है। पार्टी की घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष डी श्रीधर बाबू का कहना है कि कांग्रेस अपनी प्रस्तावित महालक्ष्मी योजना के तहत तेलंगाना में समाज के आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को उनकी शादी के समय 10 ग्राम सोना और 1 लाख रुपए कैश देने की घोषणा कर सकती है।



### सालाना आएगा 250 करोड़ का खर्च

बाबू ने कहा, क्योंकि हम भारतीय घर में सोने से जुड़े भावनात्मक लगाव को पहचानते हैं इसलिए हमने महालक्ष्मी योजना की गारंटी को जोड़ने का फैसला किया है, जिसमें महिलाओं को उनकी शादी के लिए ₹1 लाख और 10 ग्राम सोना दिया जाएगा। इस योजना के लिए सालाना करीब 250 करोड़ रुपए का खर्चा आएगा।

### कांग्रेस: पहली सूची के बाद असंतोष के सुर

कांग्रेस के तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की 55 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी होते ही असंतोष का सुर मुखर होने लगा है। सूची में नाम न होने से नाराज टिकट के दावेदारों और उनके समर्थकों ने खूब हंगामा किया। विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को हैदराबाद के गांधी भवन में स्थित पार्टी कार्यालय को बंद करने का फैसला करना पड़ा।

## केसीआर के शासन में बढ़ा भ्रष्टाचार: राजनाथ

**हैदराबाद**। भाजपा ने भी तेलंगाना में अपना प्रचार अभियान तेज कर दिया है। भाजपा नेता व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को भाजपा विधायक एटाला राजेंदर के हुजूराबाद निर्वाचन क्षेत्र के जम्मीकुंटा में पार्टी की एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान सिंह ने तेलंगाना सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव के शासन में सत्ता का भरपूर दुरुपयोग हो रहा है। इनके शासनकाल में भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ रहा है। राजनाथ सिंह ने दावा किया कि जब गुजरात और देश के अन्य राज्य नौ से दस सालों में विकास कर लेते हैं, तो तेलंगाना का विकास क्यों नहीं हुआ है। जबकि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि तेलंगाना के लोगों की उपेक्षा की जा रही है। राजनाथ सिंह ने दावा करते हुए कहा कि मोदी शासन में महिलाओं को अवसर मिल रहे हैं, उन्होंने कहा कि हाल ही में संसद में पारित महिला आरक्षण विधेयक 2029 या 2026 तक लागू हो सकता है।

**मध्य प्रदेश की चुनावी डायरी**

# सपा के 9 प्रत्याशियों की सूची जारी, कांग्रेस के साथ बढ़ सकती है दूरी

**एजेंसी** | भोपाल/लखनऊ

मध्य प्रदेश में 144 कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची होने के साथ ही राज्य का सियासी पारा गरमा गया है। भाजपा और कांग्रेस ने एक दूसरे पर जबानी प्रहार किए हैं तो समाजवादी पार्टी ने सोमवार को राज्य के लिए 9 प्रत्याशियों की सूची जारी कर कांग्रेस के साथ संभावित गठबंधन पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा है कि ये चुनाव किसी पार्टी या उम्मीदवारों का नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश के भविष्य का चुनाव है। समाजवादी पार्टी से तालमेल की बात चल रही है, मगर बात बनी तो ठीक वरना दोनों दल अलग-अलग लड़ेंगे। उल्लेखनीय है कि गत कुछ दिनों से कांग्रेस व सपा के चुनावी गठबंधन गठबंधन के करीब पहुंच जाने की अटकलें लगाई जा रही थी। सपा नेता यश भारतीय ने कहा कि सूची में शामिल 6 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा पहले ही हो चुकी थी। बस तीन नए नाम इस सूची में जोड़े गए हैं।





नौ उम्मीदवारों में पूर्व विधायक मीरा दीपक यादव भी शामिल हैं, जिन्हें निवाड़ी विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है। भारतीय ने यह भी कहा कि अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली पार्टी फिलहाल मध्य प्रदेश में सभी 230 सीटों पर चुनाव लड़ने की योजना बना रही है।

पार्टी निवाड़ी के अलावा राजनगर, भांडेर, धौहनी, चितरंगी, सिरमौर, बिजावर, कटंगी और सीधी विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। साल 2018 में सपा ने राज्य के छतरपुर जिले की बिजावर सीट पर जीत दर्ज की थी। कांग्रेस ने अपनी पहली सूची में उन चार सीटों पर भी उम्मीदवारों का ऐलान किया है, जहां सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा पहले ही कर दी थी।

### शिवराज को सीएम फेस क्यों नहीं किया घोषित: कमलनाथ

इस बीच, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने भोपाल में कहा कि पार्टी ने टिकट बंटवारे में युवा, महिलाओं और अल्पसंख्यकों का पूरा ख्याल रखा है। कमलनाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भाजपा द्वारा सीएम का चेहरा न घोषित किए जाने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि भाजपा शिवराज को सीएम का चेहरा घोषित क्यों नहीं कर रही है। क्या पार्टी को कोई पछतावा है?वहीं, कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची पर भाजपा ने भी सवाल खड़े किए हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कांग्रेस की सूची को परिवारवाद और अपराधियों की सूची बताया है। उन्होंने दावा किया कि जनता कांग्रेस के अपराधियों को नकार देगी।

### कांग्रेस के पूर्व विधायक यादवेंद्र सिंह ने थामा बसपा का हाथ

विंध्य के दिग्गज नेता व कांग्रेस से पूर्व विधायक यादवेंद्र सिंह ने कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची जारी होने के बाद पार्टी से इस्तीफा दे दिया है और बहुजन समाज पार्टी में शामिल हो गए हैं। यादवेंद्र सिंह ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष अजय सिंह यादव ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने टिकट वितरण को लेकर अनदेखी के आरोप लगाए। अजय यादव ने एक वीडियो जारी करते हुए पार्टी के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ पर सियासी प्रहार करते हुए कहा है कि यदि टिकट सही ढंग से दी जातीं तो विंध्य में कांग्रेस को 30 में से 24 सीटें मिलतीं।

### निर्दलीय विधायक जायसवाल भाजपा में शामिल

बालाघाट जिले के दिग्गज नेता और बारासिवनी से निर्दलीय विधायक प्रदीप जायसवाल गुड्डा भैया ने रविवार रात भाजपा में शामिल हो गए। जायसवाल रविवार रात करीब 10 बजे वे मुख्यमंत्री निवास पहुंचे और मुख्यमंत्री शिवराज और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बीडी शर्मा की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो गए। की। इस दौरान मंत्री गौरी शंकर बिसेन भी मौजूद रहे। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने प्रदीप जायसवाल के बजाय सीएम शिवराज सिंह के साले संजय मसानी को कांग्रेस ने टिकट दे दिया था। इससे नाराज होकर जायसवाल ने निर्दलीय चुनाव लड़ लिया और वह विजय भी हुए।

## जरूरी खबर

### राघव चड्ढा की याचिका पर किया नोटिस जारी



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी सांसद राघव चड्ढा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राज्यसभा सचिवालय को नोटिस जारी किया। 30 अक्टूबर को अगली सुनवाई होगी। राघव ने राज्यसभा से अपने निलंबन को चुनौती दी है। अगस्त में चड्ढा को निलंबित किया गया था। राघव की तरफ से दलील दी गई है कि उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का मामला नहीं बनता है। अगर मामला बनता भी है, तो नियम 256 के तहत उन्हें सिर्फ उसी सत्र तक के लिए निलंबित किया जा सकता था। मामला अभी संसद की विशेषाधिकार समिति के पास है।

### समलैंगिक शादी पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आज

**नई दिल्ली।** समलैंगिक विवाह (सेम सेक्स मैरिज) को कानूनी दर्जा देने की मांग वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को फैसला सुनाएगा। कोर्ट ने 10 दिन की सुनवाई के बाद 11 मई को फैसला सुरक्षित रखा था। सुनवाई में याचिकाकर्ताओं ने जोर दिया कि उनकी शादी को कानूनी मान्यता मिले, जबकि केंद्र सरकार ने कहा था कि वह शादी का दर्जा दिए बिना समलैंगिक जोड़ों को कुछ अधिकार देने पर विचार कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करने वालों में कई लोग शामिल हैं। 20 से अधिक याचिकाओं में से ज्यादातर में समलैंगिक शादी को कानूनी मान्यता देने की मांग की गई है। याचिकाओं में कहा गया है कि स्पेशल मैरिज एक्ट में अंतर धार्मिक और अंतर जातीय विवाह को संरक्षण मिला हुआ है, लेकिन समलैंगिक जोड़ों के साथ भेदभाव किया गया है।

### फिलिस्तीनी एंबेसी पहुंचे कई नेता दिखाई एकजुटता

**नई दिल्ली।** इजरायल और हमास के बीच पिछले दस दिनों से जारी युद्ध के बीच भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के महासचिव दिपांकर भट्टाचार्य, जेडीयू नेता केसी त्यागी, पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर, बसपा सांसद दानिश अली और आरजेडी सांसद मनोझ झा सहित कई नेता फिलिस्तीन के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए नई दिल्ली में स्थित उसके दूतावास पहुंचे। भट्टाचार्य कहा, हम यहां एकजुटता और चिंता जताने आए हैं। हम चाहते हैं कि शांति कायम हो। उन्होंने फिलिस्तीन के राजदूत के साथ बैठक की।

## शाह ने किया पूजा पांडाल का उद्घाटन



**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के सियालदह में श्रीराम मंदिर की थीम पर बने दुर्गा पूजा पांडाल के उद्घाटन के बाद लोगों को संबोधित करते हुए। शाह ने राज्य की ममता बनर्जी सरकार पर परोक्ष रूप से निशाना साधा और कहा, मां दुर्गा से प्रार्थना करूंगा कि बंगाल से भ्रष्टाचार, अत्याचार खत्म हो। वह बंगाल आते रहेंगे और राज्य में बदलाव के लिए लड़ते रहेंगे।

### खेड़ा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की याचिका पर सुनवाई को राजी हो गया है। खेड़ा ने आपराधिक कार्यवाही रद्द करने को लेकर दायर की गई याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी है। न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायाधीश प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने हाई कोर्ट के 17 अगस्त के आदेश को चुनौती देने वाली खेड़ा की याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा है। खेड़ा की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने पीठ से कहा कि मामले में कार्यवाही पर रोक लगाई जाए। पीठ ने याचिका में मांगी गई अंतरिम राहत पर नोटिस जारी किया है। बता दें कि 17 अगस्त को हाई कोर्ट ने खेड़ा की समन आदेश और आरोपपत्र को रद्द करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी थी।

## 26 हफ्ते के गर्भ का मामला

# SC ने नहीं दी विवाहिता को गर्भपात की अनुमति

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 26 हफ्ते की गर्भवती विवाहिता को गर्भपात की अनुमति देने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि महिला का गर्भ 24 सप्ताह से अधिक यानी 26 सप्ताह और पांच दिन का हो गया है। इस मामले में महिला को तत्काल कोई खतरा नहीं है और यह भ्रूण में विसंगति का मामला नहीं है। इसलिए चिकित्सकीय गर्भपात की अनुमति नहीं दी जा सकती। अदालत की तरफ से ये फैसला ऐसे समय पर सुनाया गया है, जब एम्स की रिपोर्ट में इस बात की जानकारी सामने आई कि महिला के गर्भ में पल रहा बच्चा सामान्य है। अदालत ने पाया कि डिप्रेशन की मरीज महिला जिन दवाओं का सेवन कर रही है, उससे बच्चे को कोई नुकसान नहीं हुआ है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायाधीश जेबी पारदीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की पीठ दो बच्चों की मां को 26-सप्ताह का गर्भ समाप्त करने के शीर्ष अदालत के नौ अक्तूबर के आदेश को वापस लेने की केंद्र सरकार की याचिका पर जिरह सुन रही थी। पीठ ने कहा कि महिला की डिलीवरी एम्स में सरकारी खर्च पर होगी। जन्म के बाद माता-पिता को ही आखिरी फैसला लेना होगा कि वह बच्चे का लालन-पालन करना चाहते हैं या फिर किसी को गोद देना चाहते हैं। इसमें सरकार हरसंभव मदद करेगी।

दरअसल, शुक्रवार को जब इस मामले पर सुनवाई हुई थी, तो मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने इस मामले में एम्स मेडिकल बोर्ड को आदेश दिया था कि वह गर्भ में पल रहे बच्चे पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर रिपोर्ट दाखिल करे। महिला ने अपनी याचिका में कहा है कि वह लैक्टेशनल एमेनोरिया नामक डिसऑर्डर से जूझ रही है। उसे डिप्रेशन की भी बीमारी है और वित्तीय हालत भी ठीक नहीं है, इसलिए वह अपने तीसरे बच्चे को पालने के लिए काबिल नहीं है।



### दो जजों की पीठ में असहमति के बाद CJI के पास पहुंचा केस

इससे पहले, इस मामले की सुनवाई दो न्यायाधीशों की पीठ के सामने हुई। 11 अक्टूबर को हुई सुनवाई में पीठ ने खंडित फैसला सुनाया। न्यायाधीश हिमा कोहली ने कहा कि कौन सी अदालत कहेगी कि 'एक भ्रूण की दिल की धड़कनों को रोका जाए'। उन्होंने कहा कि वह महिला को गर्भपात की इजाजत नहीं दे सकती हैं। वहीं, न्यायाधीश बी वी नागरत्ना ने कहा कि अदालत को महिला के फैसले का सम्मान करना चाहिए, जो गर्भपात कराने पर कायम रही है।

## मणिपुर: आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने का केस

# छह लोगों के खिलाफ चार्जशीट पेश, हत्या-गैंगरेप का आरोप

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय जांच ब्यूरो ने मणिपुर में 2 महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने के मामले में सोमवार को नाबालिग समेत 6 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने छह लोगों पर गैंगरेप और हत्या का आरोप लगाया है। इस मामले में गुवाहाटी में सीबीआई अदालत के विशेष न्यायाधीश के समक्ष छह आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र और कानून के साथ संघर्ष (सीसीएल) में एक बच्चे के खिलाफ एक रिपोर्ट दायर की।

इस साल जुलाई में घटना का एक वीडियो सामने आया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। मामले से जुड़े अपराधों में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान करने समेत बाकी के पहलुओं की जांच की जा रही है। सीबीआई ने बताया कि आरोपियों पर सामूहिक दुष्कर्म, हत्या, किसी महिला की लज्जा भंग करने और आपराधिक षड्यंत्र समेत भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। आरोप है कि चार मई को करीब 900-1000 लोगों की भीड़ मणिपुर के कांगपोकपी जिले के बी फेनोम गांव में घुसी। भीड़ के पास हथियार भी थे। उसने मकानों में तोड़फोड़ की तथा उनमें आग लगाई। उपद्रवियों ने महिलाओं का यौन शोषण भी किया। आरोप है कि उग्र भीड़ ने जिन महिलाओं को निर्वस्त्र सड़कों पर घुमाया गया, उनमें से एक के परिवार के दो सदस्यों की हत्या भी कर दी गई। सीबीआई की जांच में पता चला कि मणिपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी घटना में शामिल थे, जिसके बाद सोमवार को आरोपपत्र दाखिल किया गया। मामले से जुड़े अपराधों में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान करने समेत बाकी के पहलुओं की जांच की जा रही है।



### कार बम विस्फोट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

इस बीच, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने जून में मणिपुर में हुए कार बम विस्फोट के सिलसिले में सोमवार को असम से एक आरोपी को गिरफ्तार किया। मणिपुर के बिष्णुपुर जिले के क्वाक्ता इलाके में 21 जून को एक पुल पर आईईडी से लदे वाहन में विस्फोट हुआ था। इस घटना में तीन लोग घायल हुए थे, जबकि पुल के साथ-साथ आसपास के कुछ घर भी क्षतिग्रस्त हो गए थे। एनआईए ने कहा कि खुफिया सूचना के आधार पर विस्फोट के सिलसिले में मोहम्मद नूर हुसैन को कछार जिले के सिलचर से असम पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में गिरफ्तार किया गया। मामला शुरुआत में 21 जून को बिष्णुपुर के एक पुलिस थाने में दर्ज किया गया था।

## चार राज्यों में आयकर विभाग के छापे

# 94 करोड़ की नकदी, 8 करोड़ के आभूषण जब्त

**एजेंसी** | नई दिल्ली

आयकर विभाग ने 12 अक्टूबर को कुछ सरकारी ठेकेदारों, रियल एस्टेट डेवलपर्स और कुछ सहयोगियों पर तलाशी और जब्ती अभियान चलाया। ये छापेमारी कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और नई दिल्ली राज्यों में की गई थी। छापों के दौरान आयकर विभाग ने लगभग 94 करोड़ रुपए की बेहिसाब नकदी, 8 करोड़ रुपए से अधिक के सोने और हीरे के आभूषण और विदेश निर्मित 30 लक्जरी कलाई घड़ियां जब्त की। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने ए बताया कि आगे की जांच प्रक्रिया में है। विभाग ने कुल 55 परिसरों में छापेमारी की।

## वर्चुअली विचार विमर्श




*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को गूगल और एल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचई के साथ वर्चुअली बात की और विभिन्न मसलों पर विचार विमर्श किया।*

# इसी माह भारत आएंगे ब्रिटेन के PM सुनक



**नई दिल्ली।** वैश्विक कूटनीति में भारी अनिश्चितता के बीच भारत और ब्रिटेन अपने द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत करने में जुटे हुए हैं। इस महीने के अंत में ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक के भारत आने की संभावना है। माना जा रहा है कि नई दिल्ली में सुनक और पीएम नरेन्द्र मोदी दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की घोषणा करेंगे। दोनों देश में एफटीए को लेकर सहमति तकरीबन बन चुकी है।

## स्विस विशेषज्ञों के साथ पायलट प्रोजेक्ट पर काम

# हिमालयी झीलों पर अगले साल से होगी निगरानी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

हिमालय में मौजूद झीलों की भारत अगले वर्ष से निगरानी करेगा। भारत का लक्ष्य कुछ उच्च जोखिम वाली झीलों पर चेतावनी प्रणाली स्थापित करना है। भारत में 56 जोखिम वाली ऐसी झीलें मौजूद हैं। दो सप्ताह पहले पूर्वी हिमालय में ल्होनक झील के पानी से सिक्किम में हुए नुकसान के बाद इस पर बल दिया गया है।

भारत लोनाक झील और शाको चो झील में देश की पहली प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली स्थापित करने के लिए स्विस विशेषज्ञों के साथ पायलट प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। यह 90 मिनट पहले चेतावनी जारी कर सकता है। भारत की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के सदस्य कृष्णा एस.वत्स ने कहा कि हम ऐसी झीलों पर कुछ निगरानी प्रणालियां आजमाएंगे।

वत्स ने कहा कि निगरानी प्रणाली स्थापित करने के लिए भारत में जोखिम वाली 56 ऐसी झीलों को प्राथमिकता देने की जरूरत है। अधिकारियों का प्रारंभिक लक्ष्य झीलों पर मौसम और पर्यावरण की निगरानी के लिए अगले साल तक चेतावनी प्रणाली स्थापित करना है। निगरानी के नतीजे के आधार पर बाद में पूरा सिस्टम स्थापित किया जाएगा।




### झीलों तक पहुंचने में होती है कठिनाई

वत्स ने कहा कि यह कहना आसान है, लेकिन पहाड़ों पर स्थित इन झीलों तक पहुंचने में कठिनाई होती है, जहां केवल गर्मियों में ही पहुंचा जा सकता है। ये बैटरी और सौर ऊर्जा से चलने वाली मानवरहित प्रणालियां होंगी। जलवायु परिवर्तन उच्च पर्वतीय क्षेत्रों को गर्म करता है और पिघले ग्लेशियरों से झीलें ओवरफ्लो हो सकती हैं।

### हिमाचल प्रदेश व कश्मीर में हुई बर्फबारी

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने अगले दो दिन उत्तर और दक्षिण भारत के कई राज्यों में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। इस बीच, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में तेज बारिश और बर्फबारी हुई। हिमाचल प्रदेश में तेज बारिश और बर्फबारी के कारण तापमान में भारी गिरावट आई है। वहीं, कश्मीर के ऊंचे इलाकों में भी हल्की बर्फबारी हुई, जबकि मैदानी इलाकों में बारिश देखने को मिली। इससे पहले मौसम विभाग ने सोमवार को भारी बारिश और तूफान की चेतावनी देते हुए येलो अलर्ट जारी किया था। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार हिमाचल प्रदेश में मंगलवार तक बारिश जारी रहेगी और बुधवार से मौसम शुष्क रहेगा। राज्य की राजधानी में बादल छाए रहे और शहर के साथ-साथ सोलन में भी बारिश हुई। कश्मीर के मैदानी इलाकों में भी हल्की बारिश और ऊंचे इलाकों में बर्फबारी हुई और मंगलवार को भी रुक-रुक कर जारी रहेगी। 18 अक्टूबर से मौसम में सुधार होगा और 24 अक्टूबर तक मौसम साफ रहने की उम्मीद है।

## निठारी कांड में हाई कोर्ट का फैसला

# दोनों अभियुक्त कई मामलों में हुए बरी

**एजेंसी** | इलाहबाद

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सोमवार को नोएडा के बहुचर्चित निठारी मामले में मुख्य अभियुक्त सुरेंद्र कोली को राहत देते हुए बरी कर दिया। इसके साथ ही सह अभियुक्त मोनिंदर सिंह पंढेर को भी दो मामलों में हाई कोर्ट ने बरी कर दिया। इलाहाबाद हाई कोर्ट के इस फैसले से दोनों को फांसी की सजा देने के आदेश पर रोक लग गई। हाई कोर्ट ने सबूतों के अभाव में दोनों अभियुक्तों को बरी किया।

सुरेंद्र कोली और मोनिंदर सिंह पंढेर को ट्रायल कोर्ट ने हत्या और बलात्कार के आरोपों में फांसी की सजा सुनाई थी। पंढेर और कोली ने गाजियाबाद की सीबीआई अदालत के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष उचित संदेह से परे अपने मामले को सिद्ध करने में विफल रहा। इससे पहले कई दिनों तक चली बहस के बाद हाई कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था। सोमवार को हाईकोर्ट ने सुरेंद्र कोली को दोषमुक्त कर दिया। गौरतलब है कि सीबीआई ने निठारी कांड में 16 मामले दर्ज किए गए थे। इनमें से सुरेंद्र कोली को 14 मामलों में फांसी की सजा मिली थी।

## आचार्य सौरभ सागर महाराज के सानिध्य में चल रहा 10 दिवसीय कार्यक्रम

# श्रद्धालुओं ने किया सिद्धचक्र विधान

**बेधड़क.जयपुर।** हजारों श्रद्धालुओं ने एक स्वर में कलशाभिषेक में हिस्सा लेते हुए पूजन किया। नजारा था नारायण सिंह सर्किल स्थित भट्टारकजी की नसियां में आचार्य सौरभ सागर महाराज के सानिध्य में हो रहे 10 दिवसीय 256 मंडलीय सिद्धचक्र महामंडल विधान पूजन में श्रीजी का कलशाभिषेक का। आचार्य सौरभ सागर महाराज के मुखारविंद विश्व में शांति की कामना के साथ शांतिधारा कर अर्घ चढ़ाया गया। पंडित संदीप जैन सेजल के निर्देशन में श्रद्धालुओं ने जिनेंद्र प्रभु की आराधना करते हुए मंत्रोच्चारण के साथ अष्ट द्रव्य सहित जयमाला अर्घ चढ़ाएं।



### जो हरे व्यवधान उसी का नाम है सिद्धचक्र विधान

आचार्य सौरभ सागर महाराज ने कहा कि यदि संसारचक्र से छुटकारा पाना है तो सिद्धचक्र की आराधना करनी होगी। क्योंकि सिद्धचक्र की आराधना निराकार की आराधना है और आदृश्य की आराधना है। हम यहां बैठकर सिद्ध शिला पर विराजमान सिद्ध प्रभु के दर्शन चरम चक्षु से तो नहीं कर सकते, लेकिन भाव चक्षु से कर सकते हैं। जो व्यक्ति कामी, क्रोधी, लालची होता है वह कभी-भी प्रभु भक्ति नहीं कर पाता। परमात्मा की आराधना शूरवीर ही कर पाते हैं। शूरवीर अर्थात जो अंदर से शक्तिशाली होते हैं। परमात्मा की आराधना करते समय तुम्हें पदार्थ दिख रहे हैं तो तुम्हें परमार्थ की प्राप्ति नहीं हो सकती। शास्त्रों में कहा है कि भरत चक्रवर्ती ने नवरात्रि में आहो रात्रि पूजा की अर्थात भरत चक्रवर्ती ने दिन और रात दोनों समय जिनेंद्र प्रभु की आराधना की। हमें सौभाग्य मिला है, कि हम भी जिनेंद्र प्रभु की आराधना सिद्धो की भक्ति यहां पर करें।

### देश के कई राज्यों से आए भक्त

अध्यक्ष आलोक जैन तिजारिया ने बताया कि सोमवार को विधान पूजन के दौरान जयपुर, दिल्ली, यूपी सहित अनेकों स्थान से श्रद्धालु आए। श्रीसौरभमयी सिद्धचक्र प्रभावना समिति के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया। विधान पूजन संपन्न होने के बाद सोधार्म इंद्र सौम्या राहुल पाटनी, कुबेर इंद्र सुप्रिया शिखरचंद जैन सरसोप वाले, श्रीपाल मेनासुंदरी इंद्र मुन्नी देवी नरेंद्र सोगानी, महायज्ञ नायक इंद्र रुक्मणी, कमलेश, प्रमोद, उत्तम जैन बावड़ी वाले, यज्ञ नायक इंद्र रमेश माया जैन तिजारिया, चक्रव्रती इंद्र कुशल मधु ठोलिया, विधान सामग्री पुण्यार्जक शांति कुमार ममता सोगानी, ध्वजारोहण जीसी विशल्या देवी बड़जात्या, पांडाल उद्धघाटन रेणु, मोहित नमिता राणा, अखंड दीप ज्योति प्रवज्जलनकर्ता संजय सरोज गोधा व जिनवाणी स्थापनकर्ता संजय डॉ. शालू जैन आदि ने जपयानुष्ठान में भाग लिया।

## PIB-CBC ऑफिस का अवलोकन



**बेधड़क. जयपुर।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अतिरिक्त आर्थिक सलाहकर एम एल मीना नें स्वच्छता अभियान 3.0 के तहत पीआईबी और सीबीसी कार्यालय जयपुर का आज अवलोकन किया। इस अवसर पर पत्र सूचना कार्यालय की अपर महानिदेशक श्रीमती ऋतु शुक्ला ने दोनों विभागों द्वारा चलाए गए स्वच्छता अभियान की जानकारी दी। इस अवसर पर सीबीसी और पीआईबी जयपुर द्वारा विद्याधर नगर व पीआईबी जोधपुर द्वारा प्रसार भारती कॉलोनी में आउट डोर केंपैन की जानकारी भी दी। केंद्रीय संचार ब्यूरो के संयुक्त निदेशक राम खिलाड़ी मीना ने ब्यूरो की विभिन्न इकाइयों द्वारा प्रदेश भर में चलाई जा रही स्वच्छता अभियान की गतिविधियों की जानकारी दी।

## इवेंटस्थान का पोस्टर लॉन्च

**बेधड़क. जयपुर।** दुनिया भर में राजस्थानी शादियों को स्थान दिलाने वाले इवेंट मैनेजर्स का कन्वेंशन इवेंटस्थान मंगलवार से मुहाना रोड स्थित होटल हयात रीजेंसी में आयोजित होगा। इसके लिए कार्यक्रम का पोस्टर और टी-शर्ट लॉन्च किया गया। कन्वेंशन में देश भर के लगभग 300 इवेंट मैनेजर्स भाग लेंगे व इंडस्ट्री को किस तरीके से बेहतर बनाया जाए पर मंथन किया जाएगा। दो दिवसीय इवेंट में मशहूर कलाकार प्रस्तुतियां देंगे। रीजनल एसोसिएशंस का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

## बड़सरा ने जीता सिल्वर मेडल



**बेधड़क. जयपुर।** शिक्षा विभाग की ओर से राजसमंद के काकरोली में आयोजित राज्य स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता-2023-24 के अंतर्गत 'लॉन टेनिस' में हाथोज स्थित ई.वी. पब्लिक स्कूल के छात्र क्रिस बड़सरा ने द्वितीय स्थान पर रहते हुए सिल्वर मेडल जीता। ई.वी. पब्लिक स्कूल के निदेशक नरेँद्र वशिष्ठ ने बताया कि यह प्रतियोगिता 9 से 14 अक्टूबर तक राजसमंद में हुई। प्रथम मैच में क्रिस बड़सरा ने बालोतरा को 4-0 से पराजित किया। द्वितीय मैच सिरोही से हुआ, जिसमे क्रिस बड़सरा ने सिरोही को 4-2 से पराजित किया। तृतीय मैच जयपुर शहर से हुआ। इसमें जीत के साथ ही फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। फाइनल मुकाबला जयपुर ग्रामीण एवं जोधपुर के बीच हुआ। जिसमें क्रिस बड़सरा ने सिल्वर मेडल जीत कर प्रदेश स्तर पर कीर्तिमान बनाया।

# City इवेंट्स

## डिशेज के साथ तुलिका से करते गेस्ट को खुश



**बेधड़क. जयपुर।** कहते हैं प्रतिभा मंच की मोहताज नहीं होती है। ऐसे ही हैं जयपुर के शेफ पंकज मेहरा है, जो न केवल दुनिया भर की डिशेज बनाकर जयपुराइट्स को प्रभावित करते हैं, बल्कि तुलिका पर हाथ चलाकर गेस्ट की शक्ल हूबहू उतार देते हैं। इसके लिए उनको सम्मानित किया गया। पार्टी एक्सपर्ट विकास चौधरी ने बताया कि पंकज उत्तराखंड के नजदीक नेपाल के बैतडी जिजा सिमल्लेक गाउंका का रहने वाले हैं। मुख्य रूप से शेफ हैं, लेकिन जब उनके पेंटिंग हुनर को गेस्ट और अन्य लोगों ने देखा तो उनसे पेंटिंग भी बनवाना शुरू किया। इसके लिए उनको स्टाफ की ओर से सम्मानित किया गया। वहीं पंकज ने बताया कि मुझे किसी भी प्रकार की तस्वीर बनाने की महारत हासिल है। तस्वीरों के साथ ही देश-दुनिया का खाना बनाता हूं। एक्जिक्यूटिव शेफ हूं, लेकिन तुलिका पकड़कर गेस्ट की या गेस्ट के लिए पेंटिंग बना देता हूं।

## मनीषा-मुस्कान ने तुर्की में जीते मेडल



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर के टैलेंट ने तुर्की में झंडे गाड़े। ये थीं शहर की कच्ची बस्तियों में रहने वाली मनीषा पेम और मुस्कान वर्मा, जिन्होंने तुर्की में आयोजित आईएफएमए वर्ल्ड यूथ मुएथाई चैंपियनशिप में उपलब्धियों से गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में 126 देशों के 2700 एथलीटों ने भाग लिया। विमुक्ति गर्ल्स स्कूल की छात्राएं मनीषा पेम ने 16 से 17 वर्ष की आयु वर्ग में कांस्य पदक और वाइक्रू प्रदर्शन में स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं मुस्कान ने वाइक्रू में 18+श्रेणी में कांस्य पदक अर्जित किया। दोनों जवाहर नगर स्थित स्लम से आती हैं और इस प्रतियोगिता के लिए उन्होंने लंबे समय तक मेहतन की थी। इस उपलब्धि पर दोनों का स्वागत किया गया तो वे भावुक नजर आईं।

## जेकेके में दशहरा नाट्य उत्सव 20 से



**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केंद्र में अक्टूबर उमंग: लोक संस्कृति संग थीम पर विभिन्न कलात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 20 से 24 अक्टूबर तक केंद्र में दशहरा नाट्य उत्सव मनाया जाएगा। 5 दिन लोक नाट्य की प्रस्तुति होगी। लोक नाट्य में 60 से अधिक अभिनेताओं समेत लगभग 150 कलाकार भागीदारी निभाएंगे। राम की जीवन गाथा से जुड़े 90 से अधिक प्रसंग मंच पर साकार होंगे। अभिनय के साथ ही कथक, भरतनाट्यम, लोक नृत्य और लोकगीत आकर्षण रहेंगे। संवादों के साथ दोहे, छंद, गीत, घनाक्षरी व चौपाइयों का समावेश होगा। इन दिनों जयपुर, सिरोही, प्रातपगढ़ समेत 14 शहरों के कलाकार भाग लेंगे।

## जयपुराइट्स ने ईको फ्रेंडली दरबार में खनकाए डांडिया

# डांडिया गरबा महोत्सव में 1100 दीपों से वैष्णो माता की आरती



**बेधड़क | जयपुर**

गरबे की धुनों पर जयपुराइट्स ऐसे झूमे कि खुद का कंट्रोल नहीं रहा। देर तक थिरकने के बाद जब टाइटल्स मिले तो उत्साह चरम पर रहा। नजारा था खंडेलवाल सोशल ग्रुप जयपुर की ओर से ईपी के ईस्ट लॉन में डांडिया गरबा महोत्सव का। आयोजक सीए अशोक तांबी और पुनीत खंडेलवाल ने बताया कि इस दौरान हजारों लोगों ने एक साथ डांडिया खनकाए। आयोजक अरुण पीतलिया ने बताया कि मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की महाआरती 1100 दीपों के साथ महिलाओं और कन्याओं ने की।

महोत्सव में शहरवासियों ने बॉलीवुड और गुजराती गीतों पर डांडिया खनकाए और वैष्णो माता की आरती व भजनों ने गरबा महोत्सव में आए हुए श्रद्धालुओं को मोहित किया। महोत्सव के मुख्य अतिथि रमेश चंद्र, डॉ. अनिल तांबी, सहायक आयकर आयुक्त राजेश गुप्ता रहे।

कार्यक्रम में सेलिब्रिटी गेस्ट पद्मश्री गुलाबो सपेरा रहीं। इस दौरान लगभग 2500 लोगों ने डांडिया और गरबा रास किया। सिंगर भव्या छाबड़ा ने लोगों को झूमने में गीतों से मदद की। वहां सजा इको फ्रेंडली और अलौकिक मां दुर्गा का दरबार कोलकाता के कारीगरों द्वारा निर्मित किया गया था। दरबार में किसी भी प्रकार के प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया गया। ऐसे में महोत्सव से प्लास्टिक फ्री इंडिया का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में डांडिया क्वीन एंड किंग, बेस्ट कपल, बेस्ट कॉस्ट्यूम, बेस्ट डांस आदि को उपहार दिए गए।

## अमित कल्ला का आर्टिस्ट एक्सचेंज रेजिडेंसी में चयन



**जयपुर।** चित्रकार और कवि अमित कल्ला चीन के अनहुई प्रांत में 'ताओ हुआ तान, आर्टिस्ट एक्सचेंज रेजीडेंसी प्रोग्राम के लिए चयनित हुए। बनने वाले वर्ल्ड आर्ट म्यूजियम के कला संग्रहण के तहत विश्व प्रसिद्ध क्यूरेटर गॉर्डन नोवाक और लियू जियान द्वारा रेजिडेंसी के प्रतिभागियों का चयन किया गया है, जिनके मार्गदर्शन में दृश्य कलाओं से जुड़े विभिन्न अकादमिक और रचनात्मक कार्यक्रम कार्यक्रम सम्पन्न होंगें। द पीच ब्लॉसम पूल आर्ट सेंटर के स्टूडियो में रहकर अमित बहुरंगी शैली में एक नई चित्र सीरीज तैयार करेंगे, जिसे वहां होने वाली सामूहिक प्रदर्शनी में दर्शाया जाएगा। साथ ही काव्य-चित्र यात्रा और भारतीय कला दृष्टि के विभिन्न दार्शनिक व सौंदर्यात्मक पहलुओं पर व्याख्यान देंगें। आयोजन में दुनिया के अलग-अलग देशों से चुनिंदा कलाकारों को आमंत्रित किया गया है।

## गरबा रास महोत्सव 20 से



**बेधड़क. जयपुर।** गरबा रास महोत्सव-2023 टोंक रोड निवाई स्थित रामाज रिसोर्ट में 20 से 22 अक्टूबर तक अयोजित किया जाएगा। रामाज ग्रुप्स सीएमडी महावीर टेलर ने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन मां दुर्गा की आराधना के बाद प्रतिभागियों में शामिल बुजुर्ग भी ताल से ताल मिलाकर थिरकते हुए दिखाई देंगे। फैशन डिजाइनर मोनिका टेलर ड्रेसेस को लेकर प्रतिभागियों को टिप्स दे रही हैं। इस दौरान 11,000 दीपकों से महाआरती की जाएगी। साथ ही विभिन्न पुरुस्कार देते हुए प्रथम विजेता को 3100, द्वितीय को 2100 और तृतीय को 1100 रुपए दिए जाएंगे।

## बच्चों की पॉजिटिव प्यूबर्टी वर्कशॉप



**बेधड़क. जयपुर।** शरीर में आने वाले बदलाव, स्वभाव, सामान्य स्वच्छता, सामाजिक परिवर्तन जैसे विषयों के बारे में बच्चों को फन एक्टिविटी, क्विज और गेम्स के जरिए समझाया गया। मौका था संस्था फनोवेत और कोगता फाउंडेशन की ओर से हुई 'ब्रेकिंग द वॉल ऑफ साइलेंस' किड्स पॉजिटिव प्यूबर्टी वर्कशॉप का। कार्यक्रम में सेक्स-एजुकेटर, पोस्को ट्रेनर, टेडएक्स स्पीकर और ऑथर अंजू किश ने बाल अवस्था से यौन अवस्था में आने वाले बदलावों के बारे में बताया। कार्यक्रम के तहत शहर के कई बच्चों ने वर्कशॉप में हिस्सा लिया। दौरान बच्चों के परिजनों ने उनका साथ देते हुए उनके साथ क्विज और गेम्स खेले। अंजू किश ने पेरेंट्स को भी बच्चों से खुल कर बात करने पर जोर दिया।

**प्रतियोगिता** राष्ट्रीय गर्ल्स फुटबॉल प्रतियोगिता में हुए रोचक मुकाबले

# फाइनल मुकाबले में गोवा ने आंध्रप्रदेश को 1-0 से हराया

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान फुटबॉल संघ की ओर से रॉयल फुटबॉल क्लब मैदान पर राष्ट्रीय गर्ल्स फुटबॉल प्रतियोगिता में रोमांचक मैच हुए। फाइनल मुकाबले में गोवा ने आंध्रप्रदेश को 1-0 से हराया।

मैच का एक मात्र गोल गोवा की पर्ल ने किया, जिसे प्लेयर ऑफ द फाइनल चुना गया। मैच से पूर्व राजस्थान फुटबॉल संघ सचिव दिलीप सिंह शेखावत, रेफरी बोर्ड चेयरमैन महेंद्र सिंह बिजारनिया, कोटा अध्यक्ष कमल गोस्वामी, महिला चेयरमैन कीर्ति




राठौड़, वाइस चेयरमैन सोनिया राठौड़ ने मुख्य अतिथि अर्जुन अवॉर्डी मगन सिंह राजवी, समाजसेवी मेघराज सिंह शेखावत, कमिश्नर ऑफ पुलिस बीजू जॉर्ज, स्केवश खिलाड़ी सुरभी का सम्मान किया गया।

### बेस्ट खिलाड़ियों का सम्मान

मैच के बाद प्रतियोगिता की बेस्ट डिफेंडर दसू कंवर (राजस्थान), बेस्ट गोलकीपर रिया राजेश (गोवा), बेस्ट स्कोर पर्ल (गोवा), बेस्ट स्ट्राइकर आंचल (उत्तरप्रदेश), बेस्ट मीड फिल्डर इमर्जिंग प्लेयर ऑफ चैंपियनशिप पर्ल (गोवा) को मोमेंटो और नकद राशि देकर सम्मानित किया गया।

### टीमों को दिए ट्रॉफी और मेडल

इस मौके पर एआईएफएफ से आए मैच कमिश्नर लॉरेंस, रेफरी असेसर और सभी रेफरी को चुन्नरी और मोमेंटो भेंट किए गए। अंत में विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और मेडल दिए तो प्लेयर्स उत्साहित हो उठे और उन्होंने मैदान पर जश्न मनाया।

प्रेरणा के सबसे बड़े स्रोत आपके अपने विचार हैं,
इसलिए बड़ा सोचें और खुद को जीतने के लिए प्रेरित करें।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## क्या विश्वयुद्ध की ओर जा रही दुनिया!



# जारी हैं तीन जंग
# मारे गए 9 हजार लोग

**एजेंसी** | लंदन

यूक्रेन और रूस में जंग के बाद अब इजराइल और हमास के बीच भीषण युद्ध शुरू हो गया है। सूडान पहले से ही आंतरिक युद्ध से जूझ रहा है। इजराइल और गाजा में मिलाकर 9 दिन के भीतर ही चार हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। वहीं, गाजा बड़े संकट से जूझ रहा है। इन देशों के बीच जारी जंग का असर पूरी दुनिया पर देखा जा रहा है। हमास के तरफ खुलकर ईरान आ गया है, वहीं अमेरिका समेत कई देश इजराइल का पक्ष लेते दिखाई दे रहे हैं। इसी तरह यूक्रेन और रूस के मामले में भी दुनिया बंटी हुई है। इसी बीच यूएन ने चौंकाने वाला दावा किया है। यूएन का कहना है कि सूडान में सेना और अर्द्धसैनिक बलों के बीच जारी संघर्ष में 6 महीने में ही कम से कम 9 हजार लोगों की जान चली गई है।



### हालात पर काबू पाना जरूरी

इन जंगों को काबू नहीं किया गया तो दुनिया एकबार फिर विश्वयुद्ध के मुहाने पर खड़ी हो सकती है। यह विश्वयुद्ध पहले के युद्धों से बेहद भयानक हो सकता है। आज दुनियाभर में कई ऐसे देश हैं जो परमाणु संपन्न है। अगर विश्वयुद्ध हुआ तो इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि पृथ्वी से जीवन का अस्तित्व ही खत्म हो सकता है।

### क्या है सूडान का मामला


सूडान में बीते 6 महीने से अराजकता का माहौल है। यहां सेना प्रमुख जनरल फतह बुरहान और अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के कमांडर मोहम्मद हमदान डगालो के बीच सत्ता के लिसए संघर्ष चल रहा है। हालांकि, इसमें मासूम जनता पिस रही है। हवाई हमलों में हजारों लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा पूरा सूडान में अराजकता इतनी बढ़ गई है कि लूटपाट, हत्या और रेप आम हो गए हैं।

## सऊदी प्रिंस ने US विदेश मंत्री को कराया घंटों इंतजार
# ब्लिंकन की भारी बेइज्जती

**एजेंसी** | रियाद

सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने राजधानी रियाद पहुंचे अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की बड़ी बेइज्जती की है। इजराइल और हमास के युद्ध को लेकर सऊदी प्रिंस को समझाने पहुंचे अमेरिकी विदेश मंत्री को मोहम्मद बिन सलमान ने घंटों इंतजार कराया। वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक सऊदी प्रिंस और एंटनी ब्लिंकन के बीच शाम को मुलाकात होनी थी, लेकिन यह अगले दिन सुबह जाकर हुई। इस मुलाकात के दौरान भी सऊदी प्रिंस ने साफ तौर पर ब्लिंकन से कह दिया कि इजराइल को अपना सैन्य अभियान रोकना होगा, जिसमें आम नागरिक मारे जा रहे हैं।

प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने इजराइल के गाजा में पानी, बिजली और ईंधन की आपूर्ति रोकने का हवाला दिया। उन्होंने इस संघर्ष को रोकने का भी आह्वान किया। यह अमेरिका के इजराइल के सैन्य अभियान को लेकर जारी नीति का ठीक उल्टा है।



### मिस्र और सऊदी अरब से यूएस के बढ़े मतभेद

अमेरिका ने खुलकर ऐलान किया है कि वह इजराइल के हमास के खात्मे के अभियान का पूरी ताकत से समर्थन करता है। इसके चलते अमेरिकी विदेश मंत्री को सऊदी प्रिंस से ही नहीं, बल्कि अरब जगत के एक और शक्तिशाली नेता मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा है। सऊदी अरब और मिस्र की यात्रा पर पहुंचे ब्लिंकन को कड़े मतभेदों का सामना करना पड़ा। यह मतभेद सबसे ज्यादा इजराइल के गाजा में भीषण सैन्य अभियान शुरू करने के अधिकार को लेकर सबसे ज्यादा था। अमेरिकी विदेश मंत्री इस मिशन पर निकले हैं कि अरब इजराइल पर हुए हमास के हमले की आलोचना करें।

### सता रहा ईरान का डर

दरअसल, सऊदी अरब इस्लाम का जन्मस्थान है और यहीं पर मक्का तथा मदीना हैं। सऊदी अरब पूरे अरब जगत में काफी प्रभाव रखता है और यही वजह है कि इजराइल सऊदी अरब के साथ रिश्ते सामान्य करना चाहता था, लेकिन इस हमले के बाद वह भी खटाई में पड़ गए हैं। वहीं मोहम्मद बिन सलमान ने अपने सख्त रुख से साफ कर दिया है कि वह इजराइल के जवाबी एक्शन से खुश नहीं हैं। उधर, ईरान ने खुलकर हमास का समर्थन किया है और इजराइली सैनिकों की गाजा में कब्रगाह बनाने की धमकी दी है।

## CPEC: लगातार तीसरी बार बेल्ट एंड रोड फोरम का बहिष्कार
# भारत ने कहा- संप्रभुता पर समझौता नहीं

**बीजिंग।** चीन बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के शिखर सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। भारत लगातार तीसरी बार इसका बहिष्कार करने के लिए तैयार है। विवादास्पद चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) और देश की संप्रभुता से जुड़े मुद्दों पर भारत ने कहा कि कोई समझौता नहीं किया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक मंगलवार को बीजिंग में सीपीईसी पर बात होगी। संप्रभुता के मुद्दों पर अपना रुख साफ करने के लिए भारत ने इसका बहिष्कार करने का फैसला लिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि छोटे देशों में बीजिंग की परियोजनाओं की वित्तीय व्यवहार्यता पर भी भारत अपना रुख साफ करेगा। सीपीईसी पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) से होकर गुजरता है। चीन की इस परियोजना को पाकिस्तान के हित में माना जाता है।

खबरों के अनुसार चीन दो दिवसीय बीआरएफआईसी का आयोजन कर रहा है। चीन की आलोचना का प्रमुख बिंदु है कि अस्थिर परियोजनाओं के लिए अरबों डॉलर का ऋण दिया गया। अब ये लोन श्रीलंका जैसे छोटे देशों के लिए कर्ज का जाल बन गया है। श्रीलंका जैसे देश गहरे आर्थिक संकट में फंस गए हैं। बता दें राष्ट्रपति शी जिनपिंग की पसंदीदा परियोजना- बीआरआई के 10 साल पूरे हो रहे हैं।

### भारतीय बना 'मास्टर शेफ सिंगापुर'

**सिंगापुर।** भारतीय मूल के सिंगापुर के नागरिक इंद्रपाल सिंह को 'मास्टर शेफ सिंगापुर' के चौथे संस्करण का विजेता घोषित किया गया है। उन्होंने प्रतिस्पर्धा के अंतिम चरण में त्रिकोणीय मुकाबले में यह जीत हासिल की है। रिपोर्ट के मुताबिक कई हफ्तों तक चली प्रतिस्पर्धा के बाद सिंह ने खाना पकाने से संबंधित रियलिटी कार्यक्रम के चौथे संस्करण में जीत हासिल की।

## इंग्लैंड में महिला के साथ दुष्कर्म का मामला
# भारतीय मूल के व्यक्ति को सजा

**एजेंसी** | लंदन

इंग्लैंड में भारतीय व्यक्ति को एक महिला के साथ दुष्कर्म करने के मामले में 16 हफ्ते की सजा सुनाई गई है। इसी के साथ उसका नाम यौन अपराधी की सूची में सात वर्षों के लिए डाल दिया गया है।

इंग्लैंड के वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र के सैंडवेल इलाके का रहने वाले मुखान सिंह को साल 2021 में गिरफ्तार किया गया था। हाल ही में उसे सजा सुनाया गया है। डीसी हैरिस ने कहा, 'यह एक युवा महिला पर किया गया निर्लज्ज और लक्षित हमला था।' एक स्थानीय मीडिया के अनुसार सितंबर 2021 में महिला पीड़िता ट्रेन से बर्मिंघम मूर स्ट्रीट स्टेशन से लंदन मेरीलेबोन जा रही थी, वहां आरोपी उसे लगातार घूर रहा था। इसके बाद वह महिला के पास आकर बैठ गया और उसके साथ दुष्कर्म करने से पहले उसका रास्ता रोक दिया था।



## पानी के पाइपों से बनाए रॉकेट
# हमास के हमले के तरीकों से दुनिया हैरान

**एजेंसी** | रामल्ला

गाजा के लोगों का पीने का साफ पानी मिले, इसलिए ईयू ने पानी की पाइपलाइन बिछाने के पैसे दिए। पाइपलाइन आई। अलग-अलग जगहों पर बिछाई भी गई, लेकिन हमास के आतंकियों ने जीवन देने वाली इन पाइपलाइनों को मौत देने वाले रॉकेट्स में बदल दिया। ब्रसेल्स ने फिलिस्तीनियों की मदद के लिए 100 मिलियन यूरो यानी 876 करोड़ रुपए से ज्यादा की मदद की, लेकिन हमास आतंकियों ने इन्हें घरेलू रॉकेट्स में बदल दिया। अब सवाल ये उठ रहा है कि जिस देश को पानी के पाइपलाइन के लिए अंतरराष्ट्रीय मदद मिली, क्या वहां हमास की वजह से फिर मदद दी जाए या नहीं।



### 48 किमी लंबी पाइप लाइन का उपयोग

हमास आतंकी नए-नए इनोवेशन के जरिए अपने हथियार बनाते रहते हैं। इजराइली ड्रोन की नकल करके अपने लिए घरेलू ड्रोन बना डाला। 7 सितंबर को उन्हीं ड्रोन्स से ग्रैनेड गिराए गए। साथ ही, 20 मिनट के अंदर 5,000 रॉकेट्स दाग दिए। आपको जानकर हैरानी होगी कि पानी की ये पाइपलाइन 48 किलोमीटर लंबी थी। हमास ने मई 2021 में 11 दिनों के अंदर 4 हजार से ज्यादा रॉकेट दागे थे। इजराइली डिफेंस फोर्स ने 2,200 रॉकेट की पुष्टि की थी, जबकि हमास ने दावा किया था कि हमारे पास 5 हजार से ज्यादा रॉकेट्स हैं।

### तकनीक उच्च नहीं खतरनाक जरूर

कई देशों में यह माना जाता है कि ईरान, सीरिया और सूडान ही हमास को रॉकेट की सप्लाई करते हैं, लेकिन तीनों देश इस बात से साफ इनकार करते हैं। अब हमास अपने रॉकेट बनाने लगा है। ये बहुत हाई-फाई या टेक्निकल नहीं होते, लेकिन नुकसान करते हैं। 2014 में हमास ने 4,500 रॉकेट इजराइल की तरफ दागे थे। फिर 2019 में 400 से ज्यादा रॉकेट दाग कर इजराइल के बड़े शहरों को निशाना बनाया। इसके बाद 2021 में चार हजार रॉकेट दागे गए।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** पंकज सोनी*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl